दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 278 | जयपुर | सोमवार, 11 अगस्त, 2025 | भादवा, कृष्ण पक्ष-द्वितीया संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## मुख्यमंत्री का पेंशनर्स के लिए अहम निर्णय : चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग दे सकेगा आरजीएचएस में ओपीडी की निर्धारित सीमा में शिथिलता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुलभ एवं सुचारू संचालन के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। इस दिशा में राज्य सरकार ने राजस्थान राज्य पेंशनर्स चिकित्सा रियायती योजना-2021 में संशोधन किया है।

वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार पेंशनर्स के लिए आरजीएचएस योजना के अन्तर्गत वर्तमान में आउटडोर चिकित्सा सुविधा में दवाइयों के लिए निर्धारित 50 हजार रुपए प्रतिवर्ष एवं जांचों के लिए 5 हजार रुपए की निर्धारित सीमा में वृद्धि के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं उसके अधीन राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेन्सी को शक्तियां प्रदान की गई हैं।

इसके तहत ओपीडी दवाइयों के लिए निर्धारित सीमा में 2 लाख रुपए तक के विस्तार के लिए राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के अतिरिक्त सीईओ या संयुक्त सीईओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकृत), 2 लाख से 7 लाख रुपए तक के लिए राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को प्राधिकृत किया गया है। वहीं 7 लाख रुपए से अधिक के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (प्रशासनिक विभाग) को प्राधिकृत किया गया है। इसी तरह चिकित्सा जांचों के लिए निर्धारित 5 हजार रुपए की सीमा को बढ़ाने के लिए राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्राधिकृत है। उल्लेखनीय है कि निर्धारित सीमा राशि में वृद्धि के लिए पहले यह शक्तियां वित्त विभाग के अधीन थी। जिन्हें अब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से पेंशनर्स को अपने मेडिकल जरूरतों के मामले में ओपीडी दवाइयों एवं चिकित्सा जांचों की सीमा राशि में शिथिलता प्राप्त करने के लिए अब आवेदन करना और सरल होगा। पेंशनर्स को इसके लिए आरजीएचएस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता धोखाधड़ी के आरोप पर घिरे राहुल गांधी, कर्नाटक निर्वाच आयोग ने मांगे सबूत

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नोटिस भेजा है। यह नोटिस राहुल गांधी द्वारा बेंगलुरु सेंट्रल की महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में बडे पैमाने पर मतदाता धोखाधडी के आरोपों के बाद जारी किया गया है। चुनाव आयोग ने उनसे इन आरोपों के समर्थन में सबूत और स्पष्टीकरण देने को कहा है। नोटिस में कहा गया है कि राहुल गांधी ने 7 अगस्त 2025 को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मतदाता धोखाधडी के आरोप लगाए थे। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में चुनाव आयोग के रिकॉर्ड होने का दावा करते हुए कहा था कि एक मतदाता, श्रीमती शकुन रानी, ने दो बार वोट डाला है। हालांकि, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उनकी प्रारंभिक जांच से पता चला है कि श्रीमती शकुन रानी ने केवल एक बार मतदान किया है। इसके अलावा, आयोग ने यह भी कहा कि राहुल गांधी द्वारा दिखाया गया %टिक चिह्न% वाला दस्तावेज मतदान अधिकारी द्वारा जारी किया गया रिकॉर्ड नहीं है।

### गडकरी बोले- दुनिया झुकती है, झुकाने वाला चाहिए

**हम कई समस्याओं का सामना कर रहे; विश्वगुरु बनना है तो इम्पोर्ट कम और एक्सपोर्ट बढ़ाना होगा**

बढ़ता राजस्थान

नागपुर। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में अभी जिन विषयों पर चर्चा हो रही, मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता। विश्व में हम अनेक तरह की समस्याओं का सामना कर रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि दुनिया झुकती है, बस झुकाने वाला चाहिए। गडकरी शनिवार को नागपुर में स्थित विश्वेश्वरैया नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। गडकरी ने ये भी कहा- सबसे बड़ी राष्ट्रभक्ति यह हो सकती है कि हम इम्पोर्ट को कम करें और एक्सपोर्ट को बढ़ाएं। विश्वगुरु बनने के लिए यह जरूरी है। उन्होंने बताया कि दुनिया की सभी समस्याओं का उपाय साइंस, टेक्नोलॉजी और नॉलेज है। अगर हम नॉलेज और पावर का इस्तेमाल करेंगे तो दुनिया के सामने झुकना नहीं पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने ये बातें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के ऐलान के 3 दिन बाद कही हैं। ट्रम्प का 25% अतिरिक्त टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। अब भारत पर कुल 50% टैरिफ लगेगा। गडकरी ने कहा, आर्थिक रूप से संपन्न होने की वजह से दुनिया में कुछ देश दादागिरी कर रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री गोपी के खिलाफ केरल में शिकायत दर्ज

बढ़ता राजस्थान

तिरुवनंतपुरम। सुरेश गोपी अभी केंद्र सरकार में राज्य मंत्री हैं, वह 2024 में केरल की त्रिशूर लोकसभा से चुनाव जीते थे। केरल छात्र संघ ने रविवार को त्रिशूर ईस्ट पुलिस में केंद्रीय मंत्री और त्रिशूर से सांसद सुरेश गोपी के संसदीय क्षेत्र से गायब होने की शिकायत दर्ज कराई है। चस- जिला अध्यक्ष गोकुल गुरुवायूर के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में दो केरल ननों की गिरफ्तारी के बाद से सुरेश गोपी क्षेत्र में नजर नहीं आए। गोकुल ने कहा, पिछले दो महीने से गोपी किसी भी स्थानीय कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। यहां तक कि त्रिशूर के मेयर और राज्य सरकार में राजस्व मंत्री के . राजन भी उनसे संपर्क नहीं कर पाए। चस- ने मंत्री के खिलाफ अभियान चलाने की चेतावनी दी है और उनकी अनुपस्थिति की जांच की मांग की है। संगठन का कहना है कि मंत्री ने ननों की गिरफ्तारी, वोटर लिस्ट में गड़बड़ी जैसे मुद्दों पर भी चुप्पी साधी हुई है।

## अशोक-गहलोत के पीएसओ ने दूधवाले को भी बेचा था पेपर

**बोला- बेटा एसआई बनना चाहता था, दबाव बना रहा था, इसलिए खरीदा था**



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर-2021 परीक्षा का पेपर लीक कांड इन दिनों अशोक गहलोत के कारण फिर से चर्चा में है। इस कांड में उनके पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर राजकुमार यादव को जांच एजेंसी ने पकड़ा है। उसने पूछताछ में बताया कि बेटे के दबाव में उसने पेपर खरीदा था। उसने अपने दोस्त कुंदन को पैसा देकर पेपर लिया था। इसके बाद अपने दूध वाले को भी पेपर बेचा था। आरोपी राजकुमार को 8 अगस्त 2025 को पकड़ा गया था। हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार और उनका बेटा भरत यादव 3 दिन की रिमांड पर है।

### दूध वाले का बेटा पास, राजकुमार का फेल

एसओजी से मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार ने बड़ी रकम कुंदन कुमार को पेपर के लिए दी थी। इस पैसे का बोझ उतारने के लिए उसने अपने दूध वाले को पेपर की बात बताई। दूध बेचने वाले ने खुद के बेटे रविन्द्र सैनी के लिए राजकुमार यादव को पैसे देकर पेपर लिया। राजकुमार ने अपने जानकार सतेंद्र को भी मोटी रकम लेकर पेपर बेच दिया था। राजकुमार के बेटे ने पूछताछ में बताया है कि पिता से पेपर मंगवाया था। इसे पढ़कर ही परीक्षा में पास हुआ। लेकिन फिजिकल में फेल हो गया था। वहीं, रविंद्र एसआई बन गया था।

## मोदी का ट्रम्प को डेड इकोनॉमी कहने पर करारा जवाब

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उनका नाम लिए बिना जवाब दिया। मोदी ने बेंगलुरु में कहा- भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती इकोनॉमी है। हम 10 वें नंबर से टॉप 5 में आ गए हैं। जल्द ही टॉप 3 में आएंगे। ये ताकत रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म से मिली है। देश की उपलब्धियों का परचम आसमान में लहरा रहा है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 31 जुलाई को भारत पर 25% टैरिफ लगाते हुए भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया था। ट्रम्प ने कहा था- भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पीएम मोदी ने कहा- भारतीय सैनिकों की आतंकियों और पाकिस्तान को घुटने में लाने की क्षमता को पूरी दुनिया ने देखा है। इसकी सफलता के पीछे हमारी टेक्नॉलॉजी और मेक इन इंडिया की ताकत है। इसमें बेंगलुरु के युवाओं का भी बहुत योगदान है।

### पीएम ने 3 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई

पीएम आज कर्नाटक के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें बेंगलुरु से बेलगावी, अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी) से पुणे तक की ट्रेनें शामिल हैं। पीएम ने बेंगलुरु और राज्य के लिए कई विकास कार्यों का शुभारंभ और शिलान्यास भी किया। इन परियोजनाओं की कुल लागत 22 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा है। पीएम ने बेंगलुरु मेट्रो की यलो लाइन का भी उद्घाटन किया। जो आरवी रोड (रगिगुड्डा) से बोम्मसंद्रा तक जाएगी।

## भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर, देश उपलब्धियों का परचम लहरा रहा





### पीएम मोदी के भाषण की 5 बड़ी बातें...

- यलो मेट्रो लाइन के आने से लाखों लोगों को फायदा होगा। रविवार को ऑरेंज लाइन का भी शिलान्यास किया। इसके शुरू होने के बाद यलो और ऑरेंज मेट्रो लाइन से 25 लाख लोगों को फायदा होगा। बेंगलुरु मेट्रो के लिए इन्फोसिस समेत कई बड़ी कंपनियों ने फंडिंग की। इसके लिए कार्पोरेट सेक्टर को बधाई।
- 2014 से पहले 74 एयरपोर्ट थे और इनकी संख्या 160 से ज्यादा है। सिर्फ 3 नेशनल वॉटरवेज थे अब ये संख्या 30 हो चुकी है। 11 साल पहले 7 एम्स थे, अब 22 एम्स और 700 मेडिकल कॉलेज हैं। 2014 से पहले भारत का टोटल एक्सपोर्ट 468 बिलियन डॉलर था। आज 824 बिलियन डॉलर है।
- इंडिया ग्लोबल एआई की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सेमीकंडक्टर मिशन की स्पीड पकड़ रहा है। जल्द ही मेड इन इंडिया चिप मिलने जा रहा है। भविष्य से जुड़ी टेक्नोलॉजी में भारत आगे बढ़ रहा है।
- पहले मोबाइल इम्पोर्ट करते थे आज टॉप 5 एक्सपोर्टर बन गए है। बेंगलुरु की इसमें बहुत बड़ी भूमिका है। 2014 से पहले हमारा इलेक्ट्रॉनिक एक्सपोर्ट 6 बिलियन डॉलर था जो अब 38 बिलियन डॉलर हो गया है। ऑटो मोबाइल एक्सपोर्ट 16 बिलियन डॉलर था जो अब डबल हो चुका है।
- सही रिफॉर्म्स सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। भारत सरकार ने कानून डिक्रिमिनाइल्ज करने के लिए जन विश्वास बिल पास किया जल्द ही 2 .0 भी पास करेंगे।

## देश के टॉप-10 महंगे शहरों में लखनऊ शामिल

**यूपी का तीसरा सबसे महंगा शहर बना, प्रदेश में नोएडा और देश में मुंबई नंबर-1**

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ (एजेंसी)।** 2025 में नया सर्किल रेट लागू होने के साथ ही लखनऊ देश के टॉप-10 महंगे शहरों में शामिल हो गया है। इसी के साथ उत्तर प्रदेश में महंगी जमीनों के मामले में तीसरे स्थान पर काबिज हो गया है। पुराने रेट में गाजियाबाद, लखनऊ से पीछे था लेकिन नए में वह लखनऊ को पीछे कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया। इस समय नोएडा, उत्तर प्रदेश का सबसे महंगा शहर है। दूसरे स्थान पर गाजियाबाद और तीसरे पर लखनऊ है। मुंबई देश की नंबर-1 सिटी है। राजधानी लखनऊ में 1 अगस्त 2025 से नई सर्किल दरें लागू हो गई हैं। यहां जमीन, मकान, दुकान या फ्लैट खरीदने वालों के लिए अब संपत्ति पहले के मुकाबले लाखों रुपए महंगी पड़ेगी।








## राजनाथ बोले- आतंकियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर मारा था, हमने उन्हें कर्म देखकर मारा

**कहा : हमारा संकल्प है जो हमें छेड़ेगा, उसे छोड़ेंगे नहीं**

बढ़ता राजस्थान

**रायसेन/मंडीदीप (एजेंसी)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- मध्यप्रदेश में रक्षा क्षेत्र का केंद्र बनने के लिए हर गुण है। सभी संसाधन हैं। रायसेन में रेल कोच का निर्माण तो होगा ही, रेलवे के अलग-अलग प्रोडक्ट्स भी बनाए जाएंगे। देशभर की स्पीड ट्रेनों में एमपी में बनने वाले रेलवे कोच लगेंगे। मध्यप्रदेश का औद्योगिक विकास देश को भी विकास की नई ऊंचाई पर लेकर जाएगा। उन्होंने कहा- आज रायसेन के उमरिया में 1800 करोड़ की लागत से ग्रीनफील्ड रेल कोच फैक्ट्री का भूमिपूजन हुआ है। इससे 5 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। रक्षा क्षेत्र के माध्यम से मध्यप्रदेश में जो भी हो सकेगा, मैं सदैव तैयार रहूंगा।

कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- एमपी में कोच फैक्ट्री बनने से रेलवे का ईको सिस्टम आगे बढ़ेगा।



### राजनाथ के भाषण की प्रमुख बातें

- हम चाहते हैं कि केवल भारत का ही कल्याण न हो, बल्कि संपूर्ण विश्व का कल्याण होना चाहिए। इसका मतलब यह नहीं है कि कोई भी हम पर हमला कर दे। जो छेड़ेगा, हम उसे छोड़ेंगे नहीं।
- आज दुनियाभर में सबसे तेजी से भारत की अर्थव्यवस्था करीब साढ़े 6 फीसदी की गति से बढ़ रही है। आज देश की अर्थव्यवस्था डैशिंग और डायनामिक हो गई है।
- पहलगाम में आतंकियों ने हमारे निर्दोष लोगों की हत्या की थी। वे मानते थे कि हम शांत होकर बैठ जाएंगे। हमने संकल्प किया कि मुंहतोड़ जवाब देंगे। हमने ठाना था कि हम धर्म देखकर नहीं, कर्म देखकर मारेंगे।
- पहले रक्षा क्षेत्र का सामान हम दूसरे देशों से खरीदते थे। अब इनमें से बहुत सारी चीजें हम न केवल देश में बना रहे हैं बल्कि 24 हजार करोड़ से ज्यादा के डिफेंस आइटम निर्यात कर रहे हैं।


सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

भारतीय जनता पार्टी की कार्यशाला आयोजित

## हर घर तिरंगा अभियान और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारियों की चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**पावटा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में आयोजित किये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को लेकर रामविहार कॉलोनी राजमार्ग स्थित होटल ग्रीन पार्क में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अभियान की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि देश की आजादी के लिये भारतवासियों ने हर प्रकार का त्याग व बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक घर में तिरंगा पहुंचाने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को विभाजन की विभीषिका से विस्तार से अवगत करवाया जाए। भूरीभड़ाज पंचायत प्रशासक कैलाश चंद स्वामी ने कहा कि प्रत्येक बूथ से लेकर मण्डल व विधानसभा स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी, हर दरवाजे पर भाजपा का तिरंगा झण्डा पहुंचेगा। साथ ही विभाजन की विभीषिका से हुई त्रासदी से आमजन को अवगत करवाने के लिये जगह-जगह संगोष्ठी, बैठक, कार्यशाला व व्याख्यान मालाओं का आयोजन होगा। कार्यक्रम में पावटा प्रधान प्रतिनिधि टिंकू सैनी, टोरड़ा प्रशासक प्रेमनाथ महाराज, दांतिल सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह, रामपुरा से नरेन्द्र गुर्जर डेलीगेट, भूरी उपसरपंच कैलाश गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ टोरडा, ओमपाल सिंह भैंसलाना, हरबीर सिंह भौनावास, हवलदार कैलाश स्वामी, हवलदार झाबर, कज़ोड़ स्वामी, राजेन्द्र स्वामी, जयराम स्वामी, एडवोकेट रामनिवास यादव, हरमिंदर सिंह, बिरजू सिंह, सुभाष गुर्जर व दिनेश गुर्जर रूपपुरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। विधायक हंसराज पटेल ने जनसुनवाई भी करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिये।

## उपकारागृह बहनों ने भाईयो की कलाई पर बाधी राखी



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** भाई बहनो के अटूट बंधन का रक्षा सूत्र प्रेम की मिशाल रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शनिवार को उपकारागृह मे बंदियों के बहनों ने राखियां बांधकर मिठाई खिलाकर लम्बी उम्र की कामना की। जैलर कमलेश कुमावत ने बताया कि भाई बहनो के पवित्र व अटूट प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन के त्यौहार पर शनिवार को सुबह से उपकारागृह मे बंदियों के राखी बाधने बहनों का आने का सिलसिला शुरू हो गया। उपकारागृह मे 77बंदी हैं। सांय तक 60के करीब बंदियों के बहनों ने राखी बांध कर मिठाईयां खिलाकर लम्बी उम्र की कामना की।इस दौरान बहन भाई भावूक हो गये। दौनों की आखें नम हो गयी।बहनों भाईयों ने गले मिलकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।अटूट प्रेम से बहनें व भाई अपने आंसू रोक नही पाये।कुछ देर तक भाईयों ने बहनों पर परिवार की कुशलता की जानकारी ली।सांय तक उपकारागृह मे बहनों द्वारा राखियां बाधने का सिलसिला जारी रहा।

## मगरा क्षेत्र में जबरन धर्मांतरण के विरोध में चीता-मेहरात (हिन्दू) समाज करेगा 22 को आक्रोश रैली

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर आशापुरा माता मंदिर में रविवार को राजस्थान चीता मेहरात मगरा मेरवाड़ा (हिन्दू) महासभा के तत्वावधान में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी करणा जी डांग के अध्यक्ष एक्स आर्मी रसालसिंह, चौहान सेना के प्रदेशाध्यक्ष एवं भीम के प्रधान बीरमसिंह, मसूदा विधानसभा क्षेत्र से पहले भाजपा से टिकिट मिला और कुछ ही घण्टों में पुनः टिकिट कटा, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ के पदाधाकीरी व समाज सेवी अभिषेक सिंह चौहान, चीता मेहरात हिन्दू मगरा मेरवाड़ा महासभा के प्रदेशाध्यक्ष व छोटूसिंह कानाखेड़ा महासभा के पूर्वअध्यक्ष आदि प्रमुख थे।

ब्यावर सहित पांच जिलों में निवासरत चीता मेहरात समाज ने मगरा क्षेत्र में हो रहे कथित जबरन धर्मांतरण और सांस्कृतिक दमन के विरोध में आगामी 22 अगस्त 2025, शुक्रवार को एक आक्रोश रैली निकालने की घोषणा की है। यह रैली राजस्थान चीता मेहरात हिंदू मगरा मेरवाड़ा महासभा और चीता मेहरात चौहान सेना के बैनर तले आयोजित की जाएगी।

# तेज रफ्तार बस पलटी, युवक की मौत, महिला-बच्चे का हाथ कटा

## ब्यावर-जोधपुर हाईवे पर गोल चौराहे के पास हादसा, 30 से अधिक यात्री घायल







बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** हरिद्वार से जोधपुर जा रही एक प्राइवेट बस रविवार सुबह तेज रफ्तार के कारण गोल चौराहे के पास पलट गई। हादसे में जोधपुर निवासी मोडा (45) पुत्र चंद्राराम की मौके पर मौत हो गई, जबकि महिला और बच्चे का एक-एक हाथ कटकर अलग हो गया। बस का टायर भी हादसे के दौरान फट गया। बस में सवार 35 यात्रियों में से 30 से अधिक घायल हो गए। सुबह करीब 6 बजे हुए इस हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस की रफ्तार तेज थी और हाईवे के घुमाव पर ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया। यात्रियों ने कई बार ड्राइवर को धीमा चलाने के लिए टोका, लेकिन उसने अनसुनी कर दी। घायल दुर्गाराम (13) निवासी बड़ली (जोधपुर) और पुष्पा कंवर (47) निवासी सोजत का हाथ कट गया। अन्य घायलों में पूनाराम (बालेसर), रीतू व धापू देवी (बड़ली, जोधपुर), चंदनी बाई चौपड़ा (सोजत), मांगीदेवी व भंवर देवासी (पाली), अनंदाराम, मोडाराम (बालोतरा), चंद्राराम (डोरयावास), पायल (देवलिया कलां), प्रदीप, प्रहलाद, राहुल (पीपाड़सिटी, जोधपुर) शामिल हैं।

### अस्पताल में भर्ती

18 घायलों को अमृतकौर अस्पताल, ब्यावर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने घायल यात्रियों को बस से निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

### पुलिस जांच में जुटी

थाना प्रभारी जितेंद्र फौजदार ने बताया कि पुलिस ने बस जब्त कर ड्राइवर व कंडक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में रोड इंजीनियरिंग डिफेक्ट की भी आशंका जताई जा रही है। इस सप्ताह यह तीसरा सड़क हादसा है।

## एजुकेशन एंड वेलफेयर कमेटी के तत्वाधान में मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह में 240 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

### सासंद भजन लाल जाटव ने 15 लाख रुपये देने की घौषणा

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** गणेशम रिसोर्ट में मुस्लिम एजुकेशन एंड वेलफेयर कमेटी के तत्वाधान में मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार दोपहर 1 बजे आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथी सासंद भजन लाल जाटव, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक लाखन सिंह मीना, पूर्व सभापति प्रतिनिधि अमीनुद्दीन खांन, अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन के प्रदेशाध्क्ष हारुन खांन रहे।कमेटी ने सभी अतिथियों का साफा माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुस्लिम एजुकेशन एंड वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष अध्यक्ष अंसार अहमद ने बताया कि जिला स्तरीय मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह 10 व 12 वी कक्षा सहित ग्रेजुएशन में अच्छे अंक प्रात करने वाले छात्र छात्राओं व राजकीय सेवा में चयनित छात्र छात्राओं और मुस्लिम पत्रकारों सहित 240 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।प्रतिभाओं को सासंद भजन लाल जाटव ने शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।कार्यक्रम को सासंद भजन लाल जाटव ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से समाज की तरक्की होती है, हमें बच्चों को शिक्षा दिलानी चाहिए, उन्होंने विकास कार्यो के लिए 15 लाख रुपये देने की घौषणा की। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष एजाज अहमद, कमेटी सचिव डाक्टर मजीद मलिक,डाक्टर वकी अहमद टोडाभीम, रावुद्दीन कुरैशी, सलीम फौजी, नावेद पठान, पप्पू सैफी, मुफीद खान, रौनक खान, मुफीक खान, एडवोकेट इशाक अहमद, वसीम खांन, रमजान शेख गुनसार, अजहरुद्दीन सहित समाज के कई लोग मौजूद रहे।

## हरियालो राजस्थान व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**पावटा** । माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा द्वारा चलाये जा रहे हरियालो राजस्थान व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पावटा कस्बे के शिवनगर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाणी खारवालों की में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जयपुर देहात के कोषाध्यक्ष विमल गर्ग, भाजपा एससी मोर्चा जयपुर देहात महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान एवं शिक्षाविद गजानंद टीलावत मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विमल गर्ग ने विद्यालय को एक माइक सहित साउंड सेट देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने में मदद मिलेगी। बद्री प्रसाद चौहान ने कहा कि पौधारोपण हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। शिक्षाविद गजानंद टीलावत ने कहा कि शिक्षा और पर्यावरण दोनों ही हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमें अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी जागरूक करना चाहिए। वहीं कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए एनजीओं संयोजक व सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी ने कहा कि हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण से हम अपने जीवन को स्वस्थ और सुंदर बना सकते हैं। कार्यक्रम में समाज सेवी कैलाश चंद शर्मा, अध्यापिका श्रीमती पार्वती मीणा एवं अशोक खारवाल ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान अध्यापिका सुनीता यादव, एकता, शेरसिंह, लक्ष्मण, कृष्ण समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## रामेश्वर यादव युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**पावटा।** राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भान और राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी मनीष चौधरी के निर्देशानुसार प्रदेशाध्यक्ष विधायक अभिमन्यु पूनिया ने नगरपालिका वाइस चेयरमैन रामेश्वर यादव को यूथ कांग्रेस का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति युवा कांग्रेस के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद है। अब रामेश्वर यादव युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव के रूप में अपनी नई भूमिका में काम करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने में योगदान देंगे। उनकी नेतृत्व क्षमता और अनुभव संगठन के लिए फायदेमंद साबित होंगे। युवा नेता ओपी बायला ने बताया कि रामेश्वर यादव की नियुक्ति से युवा कांग्रेस में नए जोश और उत्साह की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि रामेश्वर यादव की नियुक्ति संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे युवाओं के बीच कांग्रेस की पकड़ मजबूत होगी। रामेश्वर यादव की नियुक्ति पर विभिन्न क्षेत्रों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इनमें पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड़, नगर अध्यक्ष विजय छीपाजी, पार्षद मुखराम गुर्जर, पार्षद धीरेंद्र सैनी और पार्षद नित्यानंद शामिल हैं।

## गुमनाम शहीदों व उनकी घटनाओं को कपड़े पर उतारी गयी गाथाओं की पट्टिका का आमजन कल कर सकेंगें अवलोकन

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर।** वृक्षम अमृतम संस्थान और के टी एस फाउंडेशन और शायराना परिवार की ओर से सोभागपुरा सर्किल के पास स्थित केटीएस फाउण्डेशन हॉल में गुमनाम शहीदों एवं शहीद की अनेक घटनाओं को 21 हजार फीट कपड़े पर उतारनें वाले शहर के जाने-मानें वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर मनोज आंचलिया एवं डॉ.सीमा वैद द्वारा तैयार की गयी पट्टिका के आमजन के अवलोकन हेतु कार्यक्रम रखा गया है। अवलोकन कार्यक्रम प्रात: 11 से सांय 5 बजे तक चलेगा।

वृक्षम अमृतम संस्थान के अध्यक्ष गोपेश शर्मा ने बताया कि वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर मनोज आंचलिया एवं डॉ.सीमा वैद ने इस पट्टिका में 1857 के प्रथम क्रांति के विद्रोह से लेकर आजादी की क्या तक ज्ञात घटनाओं चोरी चोरा कांड क्रिप्स मिशन मैनपुरी षडयंत्र साइमन कमीशन सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रमुख अंग्रेज अफसर जेम्स लॉरेंस हेनरी जॉन और ऐसे गुमनाम सहित आशुतोष कोइला निर्मल जीवन घोष, कालीपनद मुखर्जी,भगवती चरण बोहरा सहित शहीदों की अनेक घटनाओं को शामिल किया गया है।

मीडिया प्रभारी पूर्व पार्षद देवेन्द्र साहू ने बताया कि इस अवसर पर शायराना के संस्थापक मनोज गीतांकर अपनी टीम मंजूर हुसैन ललित गोयल उत्पल चौहान सहित देशभक्ति और लहरियो का आनंद देंगे उल्लेखनीय है। मनोज आंचलिया और डॉ.सीमा वेद ने राजस्थान के स्वाधीनता सैनानियों मोतीलाल तेजावत, भोगीलाल पंड्या, रमेश स्वामी, विजय सिंह पथिक, अर्जुन लाल सेठी सहित कई स्वाधीनता सेनानियों का उल्लेख किया है। इस 21000 फीट कपड़े की दीर्घपट्टिका में इतिहास में इतनी लंबी कपड़े की पट्टी पर दोनों का नाम दर्ज है।

## 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव आज से,निकलेगी कलशयात्रा

**उदयपुर।**
कन्हैयालाल धायभाई और पूलां की पूर्व पार्षद श्रीमती मंदाकिनी धायभाई की ओर से वृंदावन के महाराज वैंकटेश भाई मुखारविंद से कथा स्थल श्री कृष्ण वाटिका, धायभाई जी की पुलां में 11 अगस्त से आयोजित होगी। नानूराम वैष्णव ने बताया कि 11 अगस्त को श्रीरुपनारायण जी मंदिर पुलां से प्रात साढ़े नौ बजे श्रीमद्भागवत यात्रा और कलश शोभायात्रा निकलेगी जो विभिन्न मार्गो से होती हुई कथा स्थल श्री कृष्ण वाटिका पुलां पहुंचेगी। उसके बाद प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा।

## श्री सीमेंट के दिग्गजों का ब्यावर में पुनर्मिलन: चार दशकों के रिश्तों का पुन: सजीव होना

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** राजस्थान यादों और आत्मीयता के संगम से भरे एक अवसर पर, गीता ग्रांट होटल ने श्री सीमेंट के पूर्व वरिष्ठ सदस्यों के एक यादगार मिलन समारोह की मेजबानी की। इन सभी ने संगठन को अपने जीवन के लगभग 35 से 40 वर्ष समर्पित किए थे और इस पुनर्मिलन में वे उन अटूट रिश्तों का जश्न मनाने जुटे, जो दशकों की साझा सेवा में पनपे थे।

सम्मानित उपस्थित लोगों में राहुल मोहनोत, डी.के. बजाज, श्री एन.एल. शर्मा, एन.सी. जैन, एम.एम. शर्मा, श्री गंदोरिया, एस.के. शर्मा और श्याम सुंदर शर्मा शामिल रहे। इनमें राहुल मोहनोत की उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिनका कार्यकाल अनुकरणीय योगदानों और सहकर्मियों पर गहरी छाप छोड़ने के लिए याद किया गया। माहौल में उत्साहित बातचीत और मधुर ठहाकों की गूंज थी। जैसे-जैसे प्रतिभागी पुराने किस्से साझा करते, माहौल मानो उस दौर में लौट जाता, जब श्री सीमेंट केवल कार्यस्थल नहीं, बल्कि एक सशक्त परिवार जैसा था। किस्सों में कठिन चुनौतियों पर विजय की गाथाएं थीं, तो कंपनी की पहचान बनाने वाले महत्वपूर्ण पड़ावों का जश्न भी। हर प्रसंग, हल्के-फुल्के हास्य के साथ, उस एकता, साहस और पारस्परिक सम्मान को उजागर कर रहा था, जो उनकी सामूहिक यात्रा की बुनियाद रहा। बीते दिनों को याद करने के साथ-साथ उपस्थित जनों ने अपने कार्यकाल के दौरान श्री सीमेंट की अद्भुत प्रगति पर भी विचार किया—और इसके विकास का श्रेय दूरदर्शी रणनीति, कठोर परिश्रम और एकजुटता की संस्कृति को दिया। एक प्रतिभागी ने कहा, हम सिर्फ सहकर्मी नहीं थे, हम एक परिवार थे, जो इस अवसर की भावना को पूरी तरह व्यक्त करता है। कार्यक्रम का समापन भविष्य की ओर आशावादी दृष्टि के साथ हुआ, जिसमें अनौपचारिक रूप से यह सहमति बनी कि ऐसे मिलन अब अधिक बार आयोजित किए जाएं, ताकि सौहार्द, साझा उपलब्धियों और पारस्परिक सम्मान की यह विरासत इतिहास का हिस्सा मात्र न रहकर एक जीवंत परंपरा बनी रहे।

## 4 दिवसीय पावरग्रिड अंतर-क्षेत्रीय लॉन टेनिस टूर्नामेंट-2025 प्रारम्भ

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर।** चार दिवसीय पावरग्रिड अंतर-क्षेत्रीय लॉन टेनिस टूर्नामेंट का आज महाराणा प्रताप खेलगाँव सोसायटी, उदयपुर में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर टेनिस कोर्ट में अतिथियों द्वारा टेनिस बॉल खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

उद्घाटन समारोह में पावरग्रिड के केन्द्रीय कार्यालय के कार्यपालक निदेशक विक्रम सिंह भल, उत्तरी क्षेत्र-1 के कार्यपालक निदेशक आलोक कुमार शर्मा, राजस्थान परियोजना के महाप्रबन्धक अभिनव वर्मा,सत्येंद्र कुमार शर्मा, सहित जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर विक्रम सिंह भल ने कर्मचारियों के बीच टीम भावना, अनुशासन और स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन बनाने में खेल के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि पावरग्रिड न केवल विद्युत पोषण को बढ़ावा देता है, बल्कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से फिटनेस, सौहार्द और उत्कृष्टता की संस्कृति को भी बढ़ावा देता है।कर्मचारियों के बीच टीम भावना, अनुशासन और स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन बनाने में खेल के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि पावरग्रिड न केवल विद्युत पोषण को बढ़ावा देता है, बल्कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से फिटनेस, सौहार्द और उत्कृष्टता की संस्कृति को भी बढ़ावा देता है। आयोजक सुमित गौड ने बताया कि भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीनस्थ पावरग्रिड महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ने खेलों में कर्मचारी सहभागिता को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए उदयपुर में उत्साहपूर्ण लॉन टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में 10 से 13 अगस्त तक चलने वाले इस इंटर रीजन टेनिस टूर्नामेंट 2025 में कुल नौ टीमों के 52 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो कि खेल भावनाओं के साथ खेल कर अपनी प्रतिभा का सर्वोच्च प्रदर्शन करेंगे।

आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में पावरग्रिड के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों (उ.क्षे.-1, उ.क्षे.-2, उ.क्षे.-3, के. का.. पू. क्षे.-1, द. क्षे.-1, प. क्षे.-1.प. क्षे. -2 एवं उ. पू. क्षे) का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया जा रहा है।

सत्येंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि यह आयोजन व्यावसायिक सीमाओं से परे प्रतिभाओं को पोषित करते हुए एक जीवंत और सामंजस्यपूर्ण कार्य वातावरण को बढ़ावा देने की पावरग्रिड की एक और सफल पहल का प्रतीक है।

## जयसिंहपुरा खोर में हिट एंड रनः मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी के लिए सड़कों पर उतरे लोग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयसिंहपुरा खोर में रक्षाबंधन के दिन हुए हिट एंड रन मामले ने स्थानीय लोगों में गुस्सा और आक्रोश भर दिया है। नायला रोड के पास नगर निगम की कचरा उठाने वाली गाड़ी ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक राम कल्याण सैनी (40) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे के बाद रविवार को बड़ी संख्या में लोग जयसिंहपुरा खोर हटवाड़ा रोड मुख्य सड़क स्थित स्टैंड पर एकत्रित होकर सड़कों पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी देने की मांग उठाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम की लापरवाही के कारण यह घटना हुई है और दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। एएसआई सोहन लाल ने बताया कि परिजनों से मिली रिपोर्ट पर पुलिस ने हूपर को सीज कर लिया है। वहीं हूपर चालक भाग निकला जिस की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में शनिवार दोपहर नगर निगम के हूपर की चपेट में आने से रामकल्याण सैनी (40) की मौत हो गई। मृतक राम कल्याण शनिवार दोपहर पत्नी रसाल को लेकर बाइक से अलवर स्थित ससुराल जा रहा था। इसी दौरान जयसिंहपुरा खोर थाने के पास सामने से आ रहे निगम के हूपर ने बाइक को टक्कर मार दी। जिस से पति-पत्नी घायल हो गए। स्थानीय लोग दोनों को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे जहां उपचार के दौरान रामकल्याण की मौत हो गई। डॉक्टरों के अनुसार सिर में गहरी चोट लगने से खून अधिक निकल गया जिससे उसकी मौत हो गई।

## अवैध शराब भण्डारण करने वाला हार्डकोर अपराधी अनुज गुर्जर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** श्याम नगर थाना पुलिस ने टोवो क्लब पर कार्रवाई करते हुए आठ पेटी शराब बरामद की है। साथ ही अवैध रूप से शराब रखने वाले हार्डकोर अपराधी को मौके से गिरफ्तार किया। पुलिस जानकारी के अनुसार क्लब में अवैध रूप से शराब रखी हुई थी, जिसे क्लब में आने वाले लोगों को परोसा जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी की कार्रवाई की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने गंगा जमुना न्यू सांगानेर रोड स्थित टोवो क्लब पर दबिश मारी। जिस पर मौके से अलग-अलग ब्रांड की शराब की बोतलें मिलीं। मौके से हार्डकोर अपराधी अनुज गुर्जर को गिरफ्तार किया गया। इसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, लूट जैसी संगीन धाराओं में कुल नौ मामले दर्ज हैं।आरोपित से अवैध शराब भंडारण के संबंध में पूछताछ जारी है। वहीं अन्य संदिग्ध गजेन्द्र गुर्जर, मनीष गौतम से भी पूछताछ की जाएगी।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार पुलिस कांस्टेबल को मारी टक्कर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** चौमू थाना इलाके में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार पुलिस कांस्टेबल को टक्कर मार दी। इस हादसे में पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पुलिस कांस्टेबल घर से ड्यूटी जयपुर पुलिस लाइन में पर लौट रहे था। थानाधिकारी प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि हादसा जयपुर-सीकर हाईवे पर चौमूं इलाके में रविवार सुबह सात बजे हुआ। जहां रेनवाल निवासी पुलिस कांस्टेबल राजेंद्र कुमार सामोता (36) घर से ड्यूटी के लिए निकला था। इस दौरान राधा स्वामी बाग पुलिया के पास पहुंचते ही एक तेज रफ्तार कार सवार ने कांस्टेबल राजेंद्र कुमार सामोता को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सवार चालक कांस्टेबल राजेंद्र कुमार सामोता को बीस फीट तक घसीटता ले गया। गंभीर रूप से घायल कांस्टेबल को स्थानीय लोग बराला अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सबूत जुटाए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। कांस्टेबल राजेंद्र कुमार सामोता जयपुर पुलिस लाइन में तैनात था और साल 2015 में राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के पद पर भर्ती हुए था। कांस्टेबल राजेंद्र का एक छह साल का लड़का और और तीन साल की लड़की है। दोनों चौमूं के निजी स्कूल में पढ़ाई करते हैं। वहीं कांस्टेबल राजेंद्र कुमार के पिता भी आर्मी से रिटायर्ड थे और एक साल पहले हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई थी। इसके अलावा उसका एक बड़े भाई महेश सामोता आर्मी में असम में तैनात हैं।

## मर्सिडीज कार से शराब की तस्करी करने वाला कैफे संचालक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर पुलिस की कमिश्नर स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ज्योति नगर थाना इलाके में रविवार की देर शाम को कार्रवाई करते हुए मर्सिडीज कार से हो रही महंगी शराब की तस्करी करने वाले कैफे संचालक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से कार से 50 हजार रुपए से अधिक की महंगी शराब बरामद की है। जिसमें 288 बीयर की बोतल और 33 ब्रांडेड शराब की बोतलें शामिल थीं। इसके अलावा पुलिस ने 50 लाख रुपए की मर्सिडीज कार जब्त कर ली है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी क्राइम अभिजीत सिंह ने बताया कि सीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि मर्सिडीज कार से महंगी शराब की तस्करी हो रही है। सूचना मिलने पर जब सीएसटी टीम ने मर्सिडीज कार को रुकवाने का प्रयास किया तो ड्राइवर ने तेज रफ्तार में गाड़ी भगा ली। सीएसटी टीम ने कार का पीछा किया, रामबाग सर्किल पर ट्रैफिक जाम के कारण कार फंस गई,जहां सीएसटी टीम ने ट्रैफिक पुलिस की मदद से ड्राइवर को पकड़ा लिया। ज्योति नगर थाने के सब इंस्पेक्टर दुर्गा प्रसाद शर्मा ने बताया कि रविवार शाम को समय सूचना मिली कि एक कार से अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। जब सी स्कीम पर सीएसटी टीम ने कार को रोकने का प्रयास किया तो ड्राइवर वहां से भाग निकला। सीएसटी टीम ने कार का पीछा किया और रामबाग सर्किल पर ट्रैफिक जाम की वजह से फंसी कार को ट्रैफिक पुलिस की मदद से पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को मौके पर बुलाया। मर्सिडीज कार से 16 पेटी अवैध शराब जब्त की गई। पुलिस ने कार ड्राइवर सक्षम जैनानी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी सक्षम जैनानी पहले एक कैफे चलाता था और पुलिस से बचने के लिए लग्जरी कार का इस्तेमाल कर शराब की तस्करी करता था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जिससे तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा होने की उम्मीद है।

# अहमदाबाद में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का नागरिक अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी का रविवार को अहमदाबाद के शाहिबाग स्थित तेरापंथ सभा भवन में भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर गुजरात विधानसभा अध्यक्ष श्री शंकरभाई चौधरी भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान युवा मंच एवं राजस्थान सांस्कृतिक मंच द्वारा किया गया।

समारोह में राजस्थान प्रांत के प्रवासी सर्व समाज के गणमान्य प्रतिनिधि, अग्रणी नेता, विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रमुखजन उपस्थित रहे और दोनों विधानसभा अध्यक्षों का पुष्पमालाओं व स्मृति चिन्ह के साथ स्वागत-सत्कार किया।

नगर निगम अहमदाबाद की महापौर श्रीमती प्रतिभाबेन जैन ने स्वागत भाषण में नगरवासियों को स्वच्छता अभियान में अहमदाबाद की उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने आगामी श्री गणेश महोत्सव के अंतर्गत मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने की जानकारी दी और गणेश प्रतिमा भेंट कर अध्यक्ष महोदय का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि श्रावण मास के दौरान गुजरात प्रवास में प्रथम ज्योतिर्लिंग नागेश्वर महादेव के दर्शन एवं पूजा-अर्चना, द्वारकाधीश के दर्शन और गिर यात्रा का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि गुजरात और राजस्थान दोनों राज्य भाईचारे, सौहार्द और विकास के साझे मूल्यों के प्रतीक हैं, और दोनों राज्यों के नागरिक 'दूध में शक्कर' की तरह मिलकर आगे बढ़ रहे हैं।

गुजरात विधानसभा अध्यक्ष श्री शंकरभाई चौधरी ने इस अवसर पर श्री देवनानी का स्वागत करते हुए कहा कि गुजरात प्रवास के दौरान उन्होंने यहां बसे राजस्थानी समाज से मिलने का समय निकाला, यह उनके आत्मीयता और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने सभी से दोनों राज्यों के विकास में मिलकर योगदान देने का आग्रह किया।

समारोह में बापूनगर विधानसभा के विधायक श्री दिनेश सिंहजी कुशवाह, राजस्थान हॉस्पिटल के चेयरमैन श्री पी. आर. कंकरिया, सामाजिक अग्रणी श्री किशन दासजी अग्रवाल एवं श्री श्रवणजी राव सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## बहनों ने भाई की कलाई पर बांधी राखी भाईयों ने दिया आशीर्वाद



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** रविवार को रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। यह त्योहार भाई-बहन के रिश्ते के लिए खास है।कोटपूतली के सरुड में भी भाई बहन ने राखी का पर्व मनाया।रक्षाबंधन पर्व आज भी पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बहनों ने भाइयों के कलाई पर रक्षा का सूत्र बांधते हुए हमेशा रक्षा करने का वचन भी मांगा।प्रदेश युवा उपाध्यक्ष उदय तोदवाल ने कहा की इस बार भद्रा नहीं होने से पूरे दिन कई मुहूर्त होने से परिवारों ने भाइयों के कलाई पर राखी बांधी, कुछ परिवारों ने सुबह से ही राखी बांध अपने भाइयों से सुरक्षा का वचन भी मांगा। हर साल श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन मनाया जाता है। रक्षाबंधन पर आज भद्रा का साया नहीं था इस लिए पूरे दिन कई मुहूर्त थे। हिंदू पंचांग के अनुसार, श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हर साल रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाता है।

रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाई को राखी बांधती हैं और भाई की लंबी उम्र की कामना करती हैं। वहीं भाई अपनी बहनों को रक्षा का वचन देते हैं। रक्षाबंधन भाई बहन के प्रेम का पर्व है। रक्षाबंधन के पावन पर्व में भद्रा को बहुत ही महत्व दिया जाता है।

## 'कृषक उपहार योजना' में संशोधन को स्वीकृति, ई-नाम पोर्टल पर कृषि जिंसों की बिक्री को मिलेगा प्रोत्साहन

जयपुर। राज्य सरकार ने किसानों को पारदर्शी और डिजिटल माध्यम से कृषि जिंसों की बिक्री हेतु प्रोत्साहित करने के लिए संचालित 'कृषक उपहार योजना' में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। अब इस योजना का लाभ उन किसानों को ही मिलेगा जो ई-नाम पोर्टल के माध्यम से बिक्री करते हुए ई-पेमेंट (इलेक्ट्रॉनिक भुगतान) प्रणाली से भुगतान प्राप्त करते हैं।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को कृषि विपणन विभाग द्वारा भिजवाए गए प्रस्ताव के अनुसार अब उन्हीं किसानों को उपहार कूपन जारी किया जाएगा, जिनकी जिंसों की बिक्री ई-नाम पोर्टल पर दर्ज हुई हो और उसका भुगतान ई-पेमेंट के माध्यम से प्राप्त किया गया हो। योजना के वर्तमान स्वरूप में देखा जा रहा था कि ई-नाम पर कृषि जिंस के विक्रय पर्चियों पर जारी कूपन की तुलना में ई-पेमेंट पर जारी कूपन की संख्या काफी कम है। अब केवल ई-पेमेंट पर ही उपहार कूपन जारी किए जाने से ई-नाम पोर्टल पर बिक्री के साथ-साथ किसान और व्यापारी तत्काल एवं सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के लिए प्रेरित होंगे।

संशोधित योजना में ई-पेमेंट से प्राप्त कृषि उपज विक्रय की प्रति 10 हजार रूपये की राशि एवं इसके गुणकों में उपहार कूपन ई-नाम सॉफ्टवेयर द्वारा जारी किए जा सकेंगे। प्रत्येक 6 माह में मंडी स्तर पर ड्रॉ निकालकर 50,000 रूपये का प्रथम पुरस्कार 30,000 रूपये का द्वितीय पुरस्कार और 20,000 रूपये का तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।




# कोटपूतली के ऐतिहासिक सरूण्ड माता मंदिर में पूजा को लेकर विवाद

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक सरूण्ड माता (चिलाय/सारंग माता) मंदिर में पूजा-पाठ और व्यवस्थाओं को लेकर एक गंभीर विवाद सामने आया है। पुजारी परिवार के सदस्यों के बीच अक्सर होने वाली लड़ाई, श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार, और मंदिर की संपत्ति के दुरुपयोग के आरोपों से ग्रामीण और श्रद्धालु काफी आक्रोश में हैं। इसी संबंध में 10 अगस्त 2025 को सरूण्ड माता मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष महावीर सिंह तंवर की अध्यक्षता में एक सर्वसमाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



### बैठक के मुख्य प्रस्ताव

**बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किए-**

- देवस्थान विभाग के अधीन करने की मांगः ग्रामीणों ने एकमत होकर मंदिर को राज्य सरकार के देवस्थान विभाग के अधीन करने का निर्णय लिया।
- पुजारी परिवार को हटानाः वर्तमान पुजारी परिवार को हटाने और मासिक वेतन पर एक नए पंडित को रखने का फैसला किया गया। जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक पूजा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।
- समिति के अधीन व्यवस्थाः मंदिर का रखरखाव, आय-व्यय और अन्य सभी व्यवस्थाएं मंदिर कमेटी के अधीन रहेंगी।
- शिकायत निवारणः यह भी तय किया गया कि यदि नया पंडित भी किसी प्रकार की गड़बड़ी करता है, तो कमेटी उसे हटाकर नया पुजारी नियुक्त करेगी।

### महाभारतकालीन है मंदिर का इतिहास

कोटपूतली से मात्र 7 किमी दूर अरावली की पहाड़ियों में स्थित सरूण्ड माता मंदिर का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा है। ऐसी मान्यता है कि अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने सबसे पहले यहां देवी की पूजा की थी। यह मंदिर तंवर राजपूतों, गुर्जरों के कसाना गोत्र और महाजन समाज के खंडेलवाल गोत्र की कुलदेवी के रूप में भी पूजनीय है।

इस मंदिर से जुड़ी एक और दिलचस्प कहानी मुगल बादशाह अकबर की है। कहा जाता है कि अकबर ने मंदिर पर चढ़ाई करने की कोशिश की, लेकिन वह असफल रहा। बाद में उसने माता को पूजनीय मानकर मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया।

मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को 287 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। मंदिर परिसर में 500 साल पुरानी बावड़ी, छतरी और हनुमान जी का एक ऐतिहासिक मंदिर भी मौजूद है। यहां नवरात्रों में विशेष मेले और हर माह शुक्ल पक्ष अष्टमी को जागरण का आयोजन होता है।

ग्रामीणों ने सोमवार को जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी और उपखंड अधिकारी को इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। इस कदम का उद्देश्य मंदिर की पवित्रता और व्यवस्था को बहाल करना है, जो हाल के विवादों से प्रभावित हुई है।

## हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा रैली आज

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त तक जिले में कई देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इसी कड़ी में, जिला मुख्यालय पर 11 अगस्त, सोमवार को सुबह 9 बजे एक विशाल तिरंगा रैली का आयोजन होगा। यह रैली राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय तक जाएगी। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि इस रैली में विद्यार्थियों और आम जनता की सक्रिय भागीदारी रहेगी, और सभी प्रतिभागी अपने साथ तिरंगा लेकर चलेंगे। इस आयोजन में पुलिस, शिक्षा विभाग और नगर परिषद भी सहयोग करेंगे। इस तिरंगा रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों में तिरंगे के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना जगाना है।

## पूर्व पार्षद और समाजसेवी बजरंग प्रसाद मित्तल को श्रद्धांजलि दी गई

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के डाबला रोड पर स्थित आदर्श नगर में रहने वाले पूर्व पार्षद, समाजसेवी और भामाशाह बजरंग प्रसाद मित्तल का 6 अगस्त को निधन हो गया था। उनके सम्मान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया है, जो 16 अगस्त तक आदर्श नगर स्थित मित्तल निवास पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी।

रविवार को आयोजित इस शोक सभा में विधायक हंसराज पटेल, विधायक प्रतिनिधि पंकज पटेल, सभापति प्रतिनिधि एडवोकेट दुर्गाप्रसाद सैनी, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकर लाल कसाना और मुकेश गोयल, पूर्व चेयरमैन एडवोकेट महेंद्र सैनी, भाजपा के पूर्व जिला मंत्री यादराम जांगल, उप प्रधान प्रतिनिधि एडवोकेट राजेंद्र रहीसा, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत और अन्य कई जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और संतों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान उनके पुत्र डॉ. अरविंद और शशि, भाई नरेश, सुभाष, चौथमल और दिलीप, रमेश किताब वाला, राजकुमार गर्ग, भूपेंद्र यादव, श्याम लाल मित्तल, गणेश, एडवोकेट ताराचंद, मनोज बजाज, प्रमोद बजाज, प्रदीप बंसल बड़ा समेत अनेक लोग उपस्थित थे।



### वेंटिलेटर एम्बुलेंस की मांग

इस शोक सभा के दौरान, क्षेत्र के लोगों ने विधायक हंसराज पटेल से राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में वेंटिलेटर एम्बुलेंस की सुविधा जल्द से जल्द शुरू करने की मांग भी की। शशि मित्तल ने बताया कि जिला अस्पताल में वेंटिलेटर एम्बुलेंस न होने के कारण जयपुर भेजे जाने वाले गंभीर मरीजों की जान को खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि दिवंगत मित्तल को जब वेंटिलेटर एम्बुलेंस की जरूरत पड़ी, तो आपातकालीन स्थिति में बहरोड़ से इसका इंतज़ाम करना पड़ा, जिसके लिए बहुत ज़्यादा भुगतान देने के बावजूद एम्बुलेंस आने में देरी हुई, और उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

लोगों ने विधायक पटेल से आग्रह किया कि अस्पताल में जल्द से जल्द एम्बुलेंस उपलब्ध कराई जाए, ताकि गंभीर मरीजों को समय पर जयपुर भेजा जा सके। विधायक पटेल ने कहा कि जिला अस्पताल के लिए वेंटिलेटर एम्बुलेंस स्वीकृत है और इसकी सेवा जल्द से जल्द शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## इंडियन स्ट्रोक एसोसिएशन ने की ब्रेन स्ट्रोक-टाइम टू एक्ट जागरूकता अभियान की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** ब्रेन स्ट्रोक के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है,इसका मुख्य कारण यह है कि लोग इसके लक्षणों को पहचान नहीं पाते। देश में हर बीस सेकंड में एक स्ट्रोक का मामला आता है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए इंडियन स्ट्रोक एसोसिएशन (आईएसए) ने पूरे भारत में ब्रेन स्ट्रोक-टाइम टू एक्ट जागरूकता अभियान शुरू किया है। यह अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में जागरूकता बढ़ाना हैं । क्योंकि चार से पांच घंटे के भीतर मतलब गोल्डन विंडो में इलाज करना जरूरी है, जिससे मरीजों के बचने और ठीक होने की संभावना काफी बढ़ जाती है।




जयपुर में जागरूकता फैलाने के लिए आईएसए ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ( एपीआई, जयपुर चैप्टर) और सोसाइटी फ़ॉर इमरजेंसी मेडिसिन इंडिया (एसईएमआई) के साथ साझेदारी की। इस कार्यक्रम में पब्लिक एजुकेशन सेशन्स, वर्कशॉप और कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) जैसे आयोजन शामिल थे। इसका उद्देश्य डॉक्टरों और इमरजेंसी रिस्पॉन्डर्स को स्ट्रोक के मामलों में तेज और सही कार्रवाई करने की जानकारी देना है। इसी तरह के कार्यक्रम देशभर के अन्य शहरों में भी आयोजित किए जाएंगे।सही जागरूकता और समय पर इलाज से 80 प्रतिशत स्ट्रोक मामलों को रोका जा सकता है।

आईएसए की अध्यक्ष डॉ. पी. विजया ने बताया कि स्ट्रोक की बीमारी किसी को भी हो सकती है7 दो प्रकार के स्ट्रोक होते हैं, जिसमें सबसे आम रक्त के थक्के (ब्लड क्लॉट) के कारण होता है। इसका इलाज आईवी थ्रोम्बोलाइसिस नाम की एक खास इंजेक्शन थेरेपी से किया जा सकता है, जो थक्का घोल देती है। लेकिन भारत में केवल सौ में से एक मरीज को ही समय पर यह इलाज मिल पाता है। जागरूकता की कमी के कारण मरीज समय पर इलाज के लिए नहीं डॉक्टर के पास नहीं आता हैं7 इस कारण बिमारी का खतरा बढ़ता हैं।

उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है स्थानीय डॉक्टरों और इमरजेंसी स्टाफ को प्रशिक्षित करना, ताकि वे लक्षण पहचान कर पहले घंटे में ही इलाज शुरू कर सकें। उन्होंने दोहराया कि टाइम इज ब्रेन – जितनी जल्दी इलाज शुरू होगा, उतने अच्छे नतीजे मिलेंगे। खासकर पहले चार—पांच घंटे में हर मिनट कीमती है। आईएसए के सचिव डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा, स्ट्रोक अचानक होता हैं और हर मिनट की देरी स्थायी नुकसान या मौत का कारण बन सकती है। यह सिर्फ मेडिकल जानकारी फैलाने का कार्यक्रम नहीं है, यह जीवन बचाने का प्रयास है। समय रहते निदान और इलाज करने से जान बच सकती है।

## सम्पादकीय

# आतंकरोधी अभियान, आतंकियों और उनके समर्थकों की कमर तोड़ना बाकी

कुलगाम के जंगलों में आतंकियों के खिलाफ जिस दिन अभियान शुरू किया गया, उसी दिन एक आतंकी को मार गिराया गया था। शेष बचे आतंकी इतने दिनों तक सेना एवं सुरक्षाबलों का सामना करने में चाहे जिन कारणों से सफल रहे हों, उनका समूल नाश किया जाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

कश्मीर के कुलगाम के घने जंगलों में आतंकियों के खिलाफ सेना एवं सुरक्षाबलों के अभियान का नौवें दिन भी जारी रहना यह बताता है कि आतंकवादियों और उनके समर्थकों की कमर तोड़ना अभी भी शेष है। यह काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए, क्योंकि यह सामान्य बात नहीं कि कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ नौ दिन तक अभियान चलाना पड़े और फिर भी उनका अंत न हो। इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि कश्मीर के इस सबसे लंबे आतंकरोधी अभियान में हमारे दो सैनिकों को अपना सर्वोच्च बलिदान देना पड़ा। राष्ट्र इनका सदैव ऋणी रहेगा। ऐसे सर्वोच्च बलिदान का स्मरण रखने के साथ ही यह भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि आतंकी किसी भी तरह हमारे जवानों को क्षति न पहुंचाने पाएं।

इसी के साथ यदि यह साबित होता है कि कुलगाम के दुर्गम इलाके में छिपे आतंकी पाकिस्तान से आए थे अथवा इन आतंकियों के पीछे पाकिस्तान का सहयोग और समर्थन है तो सरकार एवं सेना को यह बताने-स्मरण कराने की आवश्यकता नहीं कि आपरेशन सिंदूर स्थगित हुआ है, खत्म नहीं।

पाकिस्तान को नए सिरे से और कठोर सबक सिखाने की तैयारी की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त भारत को विश्व समुदाय को यह भी बताना चाहिए कि आपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान के खिलाफ अब तक की कठोरतम कार्रवाई के बाद भी उसके होश ठिकाने नहीं आए हैं। पाकिस्तान की हरकतों के लिए परोक्ष रूप से ही सही, विश्व के प्रमुख राष्ट्रों और विशेष रूप से अमेरिका को कठघरे में खड़ा करने में संकोच नहीं किया जाना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को तो खास तौर पर यह याद दिलाना चाहिए कि वह जिस पाकिस्तान की तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं, वह आतंक का गढ़ और भारत के लिए खतरा बना हुआ है। हो सकता है कि ट्रंप जिहादी सोच वाले और पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर को आगे भी अमेरिका बुलाकर भोज कराना पसंद करें, लेकिन भारत को यह तो कहना ही चाहिए कि उसने यह तय कर लिया है कि किसी भी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले को युद्ध की तरह देखेगा और प्रतिकार करेगा। यह सही समय है कि भारत सरकार कश्मीर में आतंकियों के खुले-छिपे समर्थकों के खिलाफ भी और अधिक सख्त हो। कश्मीर के कुलगाम के घने जंगलों में आतंकियों के खिलाफ सेना एवं सुरक्षाबलों के अभियान का नौवें दिन भी जारी रहना यह बताता है कि आतंकवादियों और उनके समर्थकों की कमर तोड़ना अभी भी शेष है।

यह काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए, क्योंकि यह सामान्य बात नहीं कि कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ नौ दिन तक अभियान चलाना पड़े और फिर भी उनका अंत न हो। इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि कश्मीर के इस सबसे लंबे आतंकरोधी अभियान में हमारे दो सैनिकों को अपना सर्वोच्च बलिदान देना पड़ा। राष्ट्र इनका सदैव ऋणी रहेगा। ऐसे सर्वोच्च बलिदान का स्मरण रखने के साथ ही यह भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि आतंकी किसी भी तरह हमारे जवानों को क्षति न पहुंचाने पाएं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें। नए

### वृष

पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

### मिथुन

स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### कर्क

नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

### सिंह

लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा। सगे-

### कन्या

शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं।

### तुला

उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

### वृश्चिक

पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है।

### धनु

स्नेहीजनों एवं मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

### मकर

परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी।

### कुंभ

शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं।

### मीन

वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 11 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अलाउद्दीन हसन गंगू ने 1347 में राजसी सत्ता हासिल की और बहमनी वंश की स्थापना की।
- कंबोडिया 1863 में फ्रांस का संरक्षित देश बना।
- क्रांतिकारी खुदीराम बोस को 1908 को फांसी दी गई।
- फ्रांस ने 19 14 में ऑस्ट्रिया और हंगरी पर आक्रमण की घोषणा की।
- पर्शिया और इराक के बीच 1929 में मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
- ब्रिटेन के पोर्टलैंड बंदरगाह पर जर्मनी ने 1940 में हवाई हमला किया।
- अमेरिका ने 1944 में सुमात्रा द्वीप समूह के पालेमबेंग क्षेत्र पर हवाई हमला किया।
- लंदन में समर ओलंपिक की शुरुआत 1948 में हुई।
- दादर नगर हवेली का भारत में 1961 को विलय हुआ और इसे केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया।
- दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन मे 1976 को हुए दंगो में 17 लोग मारे गए।
- तत्कालीन सोवियत रूस ने 1984 में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- रोनाल्ड रीगन 1985 में अमेरिका के राष्ट्रपति बने।
- फिजी के विद्रोही नेता जार्ज स्पेट के खिलाफ़ 2000 में देशद्रोह का मुकदमा चलाने का निर्णय लिया।
- उत्तर अटलांटिक संधि संगठन नाटो ने 2003 में अफगानिस्तान में शांति बल की कमान संभाली।
- पाकिस्तान ने 2006 में तीसरी अगोस्टा 90बी श्रेणी की पनडुब्बी का जलावतरण किया।
- मोहम्मद हामिद अंसारी 2007 में भारत के 13वें उपराष्ट्रपति बने।
- एकीकृत इस्पात मैन्युफैक्चरर्स गोदावरी पावर एण्ड इस्पात ने 2008 में छत्तीसगढ़ सरकार के साथ 1570 करोड़ रुपये के एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये।
- पाउल कागमे रवांडा के नये राष्ट्रपति 2010 में बने।
- ईरान के तबरीज और अहार में 2012 को हुए भूकंप से 153 लोग मारे गए और करीब 1300 लोग घायल हुए।
- बांग्लादेश में एक मस्जिद में 2012 को बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हुई।
- पाकिस्तान के काबुल में 2013 को आए बाढ़ से 22 लोग मरे।

### 11 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

- दुनिया में जिमनास्टिक्स की नींव रखने वाले जर्मन शिक्षक फ्रेडरिक लुडविग का जन्म 1778 को हुआ था।
- पश्चिम भारतीय क्रिकेटर आर्ची विलेस का जन्म 1892 को हुआ था।
- भारतीय संगीत जगत के ऐसे मनीषी लालमणि मिश्र का जन्म 1924 को हुआ था।
- लघु कथा लेखक, मलयाली भारतीय फ़िल्म निर्माता-निर्देशक और पटकथा लेखक जॉन अब्राहम का जन्म 1937 को हुआ था।
- भारतीय रिज़र्व बैंक के बाइसवें गवर्नर डी. सुब्बाराव का जन्म 1949 को हुआ था।
- भारतीय क्रिकेटर यशपाल शर्मा का जन्म 1954 को हुआ था।
- भारतीय क्रिकेटर एम. वी. नरसिम्हा राव का जन्म 1954 को हुआ था।
- भारतीय क्रिकेटर अंजू जैन का जन्म 1974 को हुआ था।

## विशेष आलेख

# खुदीराम की मौत से पहले की प्रसन्नता और निर्भीकता ने अंग्रेजी शासन को झकझोर दिया था

### (11 अगस्त खुदीराम बोस के शहादत दिवस पर विशेष )



सुनील कुमार महला

भारत की स्वतंत्रता के लिए अपनी पूरी जिंदगी समर्पित करने वाले, बहुत ही बेबाक, अदम्य साहसी, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायक, भारत के सबसे कम उम्र के क्रांतिकारियों में से एक, तथा बंगाल प्रेसीडेंसी(वर्तमान में पश्चिम बंगाल) के एक भारतीय राष्ट्रवादी खुदीराम बोस को 1908 में एक ब्रिटिश मजिस्ट्रेट डगलस किंग्सफोर्ड की हत्या के प्रयास के आरोप में मुज्जफरपुर की एक जेल में फांसी दे दी गई थी।

पाठकों को बताता चलूं कि आप भारत माता के वह वीर सपूत थे, जिनको मात्र 18 साल, 8 महीने और 8 दिन की बहुत ही छोटी सी उम्र में ही अंग्रेजों द्वारा फांसी दे दी गई थी। पाठकों को बताता चलूं कि कुछ इतिहासकार आपको देश के लिए फांसी पर चढ़ने वाला सबसे कम उम्र का क्रांतिकारी देशभक्त मानते हैं। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि आपका जन्म बंगाल में मिदनापुर के हबीबपुर गांव में 3 दिसंबर 1889 को त्रैलोक्यनाथ बोस के यहां हुआ था। आपकी माताजी का नाम लक्ष्मीप्रिया देवी था। आपके, आपका नाम %खुदीराम% नाम पड़ने की यदि हम यहां पर बात करें तो, आपके जन्म से पहले आपके दो भाइयों की बीमारी की चलते मृत्यु हो जाने के कारण आपके डरे हुए माता-पिता ने अपने तीसरे बेटे की जान बचाने के लिए एक टोटका अपनाया था, जिसमें बड़ी बहन ने चावल के बदले आपको(खुदीराम को) खरीद लिया। वैसे भी बंगाल में चावल को %खुदी% कहा जाता था, यही वजह रही कि आपका नाम खुदीराम पड़ गया। आप धोती पहनते थे। जब आप बहुत छोटे थे, तभी आपके माता-पिता का निधन हो गया था और आपकी बड़ी बहन ने आपका लालन-पालन किया था। मैट्रिक की परीक्षा से पहले ही 9 वीं कक्षा के बाद ही आपने स्कूल छोड़ दिया था। कहते हैं कि स्कूल के दिनों से ही आप अंग्रेजों के खिलाफ विभिन्न राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने लग गए थे और अनेक जलसों, जुलूसों में शामिल होकर अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ नारे लगाते थे। आप %रिवॉल्यूशनरी पार्टी% के सदस्य बने और %वंदे मातरम् % पर्चे बांटने में भी आपने एक बड़ी भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि 1906 में मिदनापुर में एक मेले का आयोजन किया गया था।उस समय सत्येंद्रनाथ बोस ने %वन्दे मातरम् %शीर्षक से अंग्रेज़ी शासन का विरोध करते हुए एक पर्चा छपवाया था और खुदीराम बोस को मेले में इस पर्चे के वितरण की ज़िम्मेदारी सौंपी गई थी। यहां यह भी गौरतलब है कि वर्ष 1905 में बंगाल का विभाजन होने के बाद खुदीराम बोस ने सत?येंद्रनाथ बोस के नेतृत्व में अपने क्रांतिकारी जीवन की शुरुआत की थी।उपलब्ध जानकारी के अनुसार 1905 में बंगाल विभाजन(19 जुलाई, 1905 को लॉर्ड कर्ज़न द्वारा विभाजन) के विरोध में चलाए गए आंदोलन में आपने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। कहते हैं कि उस समय बंगाल ही नहीं पूरे भारत के लोगों के मन में अंग्रेज़ों के खिलाफ़ आक्रोश भड़क उठा था और हर जगह विरोध मार्च, विदेशी सामान के बहिष्कार और अख़बारों में अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ अखबारों में जैसे लेखों की एक तरह से बाढ़ सी आ गई थी। जानकारी के अनुसार उसी ज़माने में स्वामी विवेकानंद के भाई भूपेंद्रनाथ दत्त ने %जुगाँतर% अख़बार में एक लेख लिखा, जिसे सरकार ने राजद्रोह माना। कलकत्ता प्रेसिडेंसी के मजिस्ट्रेट डगलस किंग्सफ़ोर्ड ने न सिर्फ़ प्रेस को ज़ब्त करने का आदेश दिया, बल्कि भूपेंद्रनाथ दत्त को ये लेख लिखने के आरोप में एक साल की कैद की सज़ा सुनाई। इस फ़ैसले ने अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ विद्रोह में आग में घी का काम किया। 28 फरवरी 1906 को आप(खुदीराम बोस) गिरफ्तार कर लिए गए, लेकिन आप कैद से भाग निकले और लगभग 2 महीने बाद आपको अप्रैल में फिर से गिरफ्तार कर लिया गया।

बाद में, 16 मई 1906 को आपको जेल से रिहा कर दिया गया। अपने साथी प्रफुल्लचंद चाकी के साथ मिलकर आपने तत्कालीन सेशन जज किंग्सफोर्ड से बदला लेने की योजना बनाई थी, क्यों कि आप भारतीयों पर किंग्सफोर्ड द्वारा किए जा रहे अत्याचारों, क्रूरता ,बेरहमी और सख्ती से ख़फ़ा थे। पाठकों को बताता चलूं कि आप(खुदीराम बोस) इतने साहसी और हिम्मती थे कि आप मुकुंदापुरा (बिहार) से लेकर मुजफ्फरपुर तक बम पहुँचाने के लिए झोले में बम लेकर कई किलोमीटर(लगभग 40 किलोमीटर तक) पैदल चले थे, ताकि अंग्रेज़ों की नज़र से बच सकें। छह दिसंबर 1907 को आपने नारायगढ़ रेलवे स्टेशन पर बंगाल के गवर्नर की विशेष ट्रेन पर हमला किया, परंतु गवर्नर बच गया। सन् 1908 में आपने दो अंग्रेज अधिकारियों वाट्सन और पैम्फायल्ट फुलर पर बम से हमला किया, लेकिन वे भी बच निकले।30 अप्रैल 1908 को मुजफ्फरपुर में सेशन जज की गाड़ी पर आपने व चाकी ने बम फेंक दिया, लेकिन उस समय गाड़ी में जज किंग्सफोर्ड की जगह उसकी परिचित दो यूरोपीय महिला कैनेडी और उसकी बेटी सवार थी। किंग्सफोर्ड के धोखे में दोनों महिलाएं मारी गई, जिसका आपको और आपके साथी प्रफुल्ल चंद चाकी को बेहद अफ़सोस हुआ। हालाँकि, महात्मा गांधी ने हिंसा की निंदा की और दो निर्दोष महिलाओं की मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, %भारतीय लोग इन तरीकों से अपनी आज़ादी नहीं जीत पाएँगे।% बाल गंगाधर तिलक ने अपने अखबार केसरी में दोनों क्रांतिकारियों का बचाव किया और तत्काल स्वराज की माँग की। इसके बाद ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार ने राजद्रोह के आरोप में तिलक को भी तुरंत गिरफ्तार कर लिया। आपके व आपके साथी द्वारा धोखे में कैनेडी और उसकी बेटी के मारे जाने के बाद, अंग्रेज पुलिस आपके पीछे लगी थी और वैनी रेलवे स्टेशन पर आपको घेर लिया गया। अपने को पुलिस से घिरा देख आपके साथी प्रफुल्लचंद चाकी ने खुद को गोली मारकर अपनी शहादत दे दी, जबकि आप पकड़े गए।आप पर दो महिलाओं की हत्या का मुकदमा चलाया गया। पाठकों को बताता चलूं कि आपने (खुदीराम ने) अपनी गिरफ्तारी के बाद साफ तौर पर कहा कि आपने किंग्सफोर्ड को सजा देने के लिए बम फेंका था। इतना ही नहीं,जज कॉर्नडॉफ की अदालत सुनवाई के दौरान जब आपसे (खुदीराम से) यह सवाल किया गया कि क?या आप(खुदीराम बोस) फांसी की सजा का मतलब जानते हो? तो आपके वकील द्वारा आपके कम उम्र का हवाला देने के बाद भी आपने जज से यह बात कही थी कि वह (खुदीराम बोस) जज(कॉर्नडॉफ) को भी बम बनाना सिखा सकते हैं, यह वास्तव में आपकी बेबाकी और आपके साहस को दर्शाता है।

# क्या कॉन्ग्रेस असम में 'बांग्लादेशी घुसपैठियों' को पुन: बसाएगी



रामस्वरूप रावतसरे

**असम की हिमंत बिस्वा सरमा सरकार लगातार अवैध रूप से कब्जा की गई जमीन को खाली कराने के अभियान में लगी हुई है। इधर असम के कॉन्ग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और सांसद गौरव गोगोई ने कहा है कि अगर कॉन्ग्रेस सत्ता में आती है तो वह अतिक्रमणकारियों को एक बार फिर जमीन वापस दे देगी। कॉन्ग्रेस शुरू से अवैध रूप से कब्जा किए गए जमीन को मुक्त करने के अभियान का विरोध कर रही है जबकि अतिक्रमणकारियों में बांग्लादेशियों की संख्या काफी बताई जा रही है।**

असम प्रदेश कॉन्ग्रेस समिति के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने 3 अगस्त को कहा, अगर अगले साल विधानसभा चुनाव में विपक्षी पार्टियाँ सत्ता में आती है तो वापस ली गई जमीन को एक बार फिर वंचित लोगों को आवंटित कर देगी। जोरहाट से लोकसभा सांसद गोगोई ने कहा, मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों ने भूमि सुधार के नाम पर अवैध रूप से अर्जित की गई जमीनों को नई कॉन्ग्रेस सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में ही गरीबों में बाँटने का फैसला लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी जनता की मदद के लिए भूमि और आर्थिक नीति दोनों में बदलाव लाएगी। कॉन्ग्रेस नेता ने यह भी कहा, हिमंत बिस्वा सरमा के शासनकाल में हुई लूट और अन्याय पर रोक लगाई जाएगी। कांग्रेस प्रगतिशील भूमि नीतियों और आर्थिक विकास पर आधारित एक नई सरकार बनाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी के इस वादे को पूरा करना उनकी जिम्मेदारी है कि असम के लोग मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को जेल में देखेंगे। इसका जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सरमा ने भी कहा, क्या गारंटी है कि मुझसे पहले राहुल गाँधी जेल नहीं जाएँगे। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्रीय नेता का इस तरह का बयान देना काफी अपमानजनक है और तब जब नेता अपनी माँ सोनिया गाँधी के साथ नेशनल हेराल्ड केस में पहले ही जमानत पर है। कॉन्ग्रेस असम में अतिक्रमण हटाने के अभियान का शुरू से विरोध कर रही है और इसे कोर्ट के आदेशों की अवमानना बता रही है। जबकि तथ्य ये है कि गुवाहाटी हाईकोर्ट ने असम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड और मिजोरम जैसे 4 पूर्वोत्तर राज्यों की सीमाओं पर मौजूद वन क्षेत्रों में अतिक्रमण से निपटने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करने का आदेश दिया है।

एनजीटी को केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने एक रिपोर्ट सौंपी है जिसमें बताया गया है कि मार्च 2024 तक राज्य में कुल अतिक्रमणग्रस्त वन क्षेत्र 3,620.9 वर्ग किलोमीटर (3,62,090 हेक्टेयर) था, जो देश में मध्य प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर आता है। अतिक्रमण के खिलाफ दायर याचिका में ये भी बताया गया था कि इसका वन्यजीवों और वन संरक्षण पर काफी बुरा असर पड़ा है। इस पर गुवाहाटी हाईकोर्ट ने असम सरकार को वन संरक्षित क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। इससे पहले भी गुवाहाटी हाईकोर्ट वन क्षेत्रों को अतिक्रमण से मुक्त कराने का आदेश कई बार दे चुका है।

जानकारों की माने तो राज्य में दशकों से चल रहे वन क्षेत्र में अतिक्रमण का असर जीव-जन्तुओं पर पड़ा है। ये लोग अक्सर गाँवों की ओर भागने के लिए विवश होते हैं। खास कर हाथियों के गाँव के खेतों में घुसने और लोगों पर हमला करने की कई घटनाएँ सामने आई है। असम के विशेष रूप से ग्वालपाड़ा जैसे जिलों में आम लोगों और हाथियों के बीच संघर्ष की खबरें आती रहती हैं। अतिक्रमण से जैव विविधता पर भी असर पड़ा है। लेकिन कॉन्ग्रेस राजनीतिक फायदे के लिए जमीन वापस करने की बात कह रही है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



आशीष तनेजा
(युवा उधोगपति बाबा कलाकंद)

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के सुपर स्टार हैं बाबा कलाकंद के डिप्टी डायरेक्टर आशीष तनेजा।

जिन्हें प्यार से लोग नन्हे भैया पुकारते हैं। 1 अगस्त सन1985 को अलवर के प्रमुख कलाकंद व्यवसायी महेंद्र तनेजा और उनकी धर्मपत्नी मीना तनेजा के यहां पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई नाम रखा गया आशीष और जैसा नाम वैसा ही गुण। हमेशा मुस्कान भरा हुआ चेहरा ,आंखों में आत्मविश्वास और लोगों के प्रति आदर का भाव देखने को मिलता है। हां जी प्रमुख कलाकंद व्यवसाय और बाबा कलाकंद के डायरेक्टर अभिषेक तनेजा के छोटे भाई हैं आशीष तनेजा और अभिषेक तनेजा की रीड की हड्डी माने जाते हैं। हमेशा काम को सर्वोपरि समझना और सरलता और सहजता के साथ काम निपटाना उनकी बेहतरीन शख्सियत में शामिल है। अलवर की सेंट असलम स्कूल में अध्यापन पूर्ण करने के बाद 2004 में अपने पुश्तैनी व्यवसाय कलाकंद व्यवसाय को संभाला। 2011 में विवाह बंधन में बंद है और ईश्वर के और गुरु महाराज के आशीर्वाद से दो नूर जैसी संताने पैदा हुई एक बेटा और एक बेटी।

हमेशा सकारात्मक सोच के साथ मुस्कान भरे चेहरे को लेकर समाज के सामने प्रदर्शित होते हैं आशीष तनेजा कद भले ही छोटा है लेकिन व्यवहार और कार्यकुशलता में इनका कद काफी बड़ा है।

काम के प्रति सच्ची लगन कर्मठता और निष्ठा उनके व्यापार को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रही है हमेशा जिससे भी मिलते हैं पूरे गर्म जोशी के साथ मिलते हैं और सच मायने में हर दिन ऐसा जीते हैं जैसे गुरु महाराज के आशीर्वाद और ईश्वर का दिया हुआ एक दिन का यह तोहफा हो। छोटी सी उम्र में बेहतरीन और उम्दा अनुभव लेकर समाज के सामने युवाओं के लिए एक संदेश भी रखते हैं कि हमारी सकारात्मक सोच हमें ऊंचाइयों तक ले जा सकती है बशर्ते हम कर्म योगी बने।

–रूपक शर्मा

## Today

बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 1 | 7 | | 2 | | 8 | 4 |
| | | 9 | 3 | | 1 | | 5 | 7 |
| 8 | 2 | | 4 | | | 6 | | |
| 4 | | 6 | | 1 | 7 | 8 | | |
| 2 | 1 | | | | 6 | | | |
| | 5 | | | | | | 9 | 6 |
| | 6 | | 1 | 4 | | | | |
| 1 | | | 6 | | | 4 | 2 | |
| | 7 | 4 | 2 | 9 | | 5 | | |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 |
| 3 | 2 | 6 | 1 | 8 | 7 | 9 | 5 | 4 |
| 6 | 1 | 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 |
| 8 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 |
| 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान

बढ़ता टोंक-सवाई माधोपुर
टोंक/निवाई/देवली/टोडा/मालपुरा/लालसोट/उनियारा/गंगापुरसिटी

जयपुर | सोमवार, 11 अगस्त, 2025
www.badhatarajasthan.in



# रामप्रसाद परिडवाल बने प्रदेशाध्यक्ष

## कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर, जमकर की आतिशबाजी, जताया आभार

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** कांग्रेस प्रियंका संगठन गांधी ऑल इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलजीत सिंह एवं राष्ट्रीय सचिव सतपाल सिंह ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा की अभिशंषा पर संगठन में रामप्रसाद परिडवाल निवासी निवाई को प्रदेशाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। जिससे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान योगेंद्र वर्मा, सुरेश सांवरिया, अशोक परिडवाल, कैलाशचंद मीणा, विक्रमसिंह गुर्जर, देवनारायण भडाना, डॉ. रामफूल गुर्जर, आरिफ कुरैशी, बाबूलाल मीणा, कन्हैयालाल नकवाल, अजय मधुकर, महेश शर्मा, मुकेश सुनारा, मूरारीलाल मीणा, अजय शर्मा एवं अक्षय शर्मा सहित कई कार्यकर्ताओं ने अहिंसा सर्किल पर आतिशबाजी करते हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा, प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट एवं पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा का आभार व्यक्त किया।

# टोंक से गाजे-बाजे के साथ रामदेवरा पदयात्रा हुई रवाना

## जयकारों के साथ 15 दिवसीय पदयात्रा में 250 से ज्यादा श्रद्धालु शामिल

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** टोंक में रक्षाबंधन के दूसरे दिन रविवार को श्रीबाबा रामदेव (रामदेवरा) के लिए इस वर्ष भी 41वीं पदयात्रा रवाना हुई। यह पदयात्रा बाबा रामदेव के जयघोष के बीच रामकृष्ण मंदिर से पूजा-अर्चना व ध्वज पताका के साथ रवाना हुई। श्रीराम सेवा मंडल द्वारा रामकृष्ण मंदिर, चंदन चौक, नोशे मियां का पुल, पटेलों की गुवाड़ी, बाबा रामदेव मंदिर से रवाना होकर घंटाघर कोली समाज के हनुमान मंदिर से होते हुए बनास नदी की ओर गई। जहां यह पदयात्री सोहेला होते हुए रामदेवरा जाएंगे। यह यात्रा 15 दिवसीय है। पदयात्री श्री रामदेव मंडल के गुलाबचंद महावर ने बताया कि घंटाघर पर माली समाज चिड़ी की बाड़ी, धन्ना तलाई से बैरवा समाज, हीरा चोक से गुर्जर, दीवानजी का कुंआ से खंगार, पंचकुईया दरवाजा से रैगर, गांधीपार्क से खटीक समाज आदि पदयात्रा बाबा रामदेव के जयकारों के साथ झंडे हाथों में लिए रवाना हुई।

### 'म्हारों हैलो सुनो रामा पीर' भजन गूंजा

इस दौरान टोंक शहर 'म्हारों हैलो सुनो रामा पीर' जैसे भजनों से गूंज उठा। बाबा श्री रामदेव की पदयात्रा में शामिल पदयात्रियों को उनके परिजनों मित्रों ने फूल मालाएं पहनाकर चरण स्पर्श कर बाबा श्री रामदेव के पवित्र धाम रुणीचा के लिए रवाना किया।

### एक दिन पहले हुई भजन संध्या

हर बार की तरह लोगों ने विभिन्न जगहों पर पदयात्रियों के लिए जगह-जगह ठण्डे शर्बत एवं अल्पाहार की व्यवस्थाएं की थी। इस ऐतिहासिक पदयात्रा की खासियत यह थी कि इसमें न जाति न धर्म बल्कि सभी बाबा रामदेव के जातरुओं के सैलाब में शामिल थे। इससे पूर्व शनिवार रात को भजन संध्या का आयोजन किया गया।

### 600 किमी की दूरी तय करेंगे

गुलाबचंद महावर ने बताया कि पदयात्रा टोंक से सोहला होते हुए डिग्गी कल्याण महाराज के दर्शन करेगी। इसके बाद अराई, किशनगढ़, कुण्डियावास (नया रूणिचा) होते हुए पुष्कर स्नान एवं ब्रह्मा मंदिर दर्शन करेगी। तत्पश्चात मेड़ता सिटी (मीरा बाई दर्शन), गोठन, लोडिया साईबाबा, सच्चिदाई ओशिया माता के दर्शन करेगी।

# पांचोलास गांव में फैली दहशत: दो भालुओं आए गांव में, मौके पर पुलिस और वन विभाग की टीम पहुंची

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** सवाई माधोपुर के समीपवर्ती पांचोलास गांव में रविवार शाम को हड़कंप मच गया। यहां शाम करीब 5.30-6.00 बजे दो भालू गांव के पास स्थित बाड़ियों में आ गए। जिसके चलते यहां दहशत का माहौल बन गया। मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों की भीड़ को देखकर भालू भी भयभीत हो गए। इनमें से एक भालू बाड़ी से गांव में जा पहुंचा। जहां लोगों की भीड़ के चलते भालू खुद के बचाव के लिए दो मकान के बीच एक सकरी गली में फंस गया। इस दौरान ग्रामीणों ने लकड़ी के सहारे भालू को बाहर निकालने का प्रयास किया, जो कि असफल रहे। जिस पर इसकी सूचना सरपंच राजेश पायलट ने वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और भालू को रेस्क्यू करने का अभियान शुरू किया गया। इस दौरान करीब 1 घंटे के बाद भालू भागकर जंगल में चला गया। जिसके बाद में ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वहीं दूसरा भालू एक नीम के पेड पर चढ़ गया। फिलहाल रवाजंना डूंगर थाना पुलिस और वन विभाग की टीम एतिहात के तौर पर मौके पर मौजूद हैं। पुलिस की ओर से ग्रामीणों को मौके से हटा दिया गया है।

# लम्बे समय से फरार, दो स्थाई वारंटी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** निवाई थाना पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया है। दोनों वारंटियों के विरूद्ध अलग-अलग थानों में दो दर्जन से अधिक लूट, फायरिंग व चोरी के प्रकरण दर्ज है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि स्थाई वारंटी मदनलाल शर्मा पुत्र मांगीलाल निवासी भांवता हाल निवासी रामचन्द्रजी की गली खूंटेटों का रास्ता किशनपोल बाजार जयपुर को शनिवार की रात गांव भांवता से गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार लूट, फायरिंग व चोरी के प्रकरण में आरोपी बाबूलाल उर्फ बाबू पुत्र रतनलाल जाट निवासी बटफोडा की ढाणी तामडिया थाना चाकसू जिला जयपुर को थाना चाकसू से दस्तयाब किया है।

# चनानी से इंद्रगढ़ के लिए पदयात्रा आज

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** गांव चनानी स्थित बीजाष्ण माता मंदिर से सोमवार को 10वीं पदयात्रा बिजाष्ण माता मंदिर इंद्रगढ़ के लिए रवाना होगी। पदयात्रा समिति अध्यक्ष जीवतराम यादव ने बताया कि सोमवार की सुबह सवा 9 बजे माता जी के मंदिर में विधिवत ध्वज पूजन करके पदयात्रा रवाना होगी। पदयात्रा 14 अगस्त को इंदरगढ़ पहुंचकर माता जी के ध्वजा अर्पण कर दर्शन करेंगे।

# बीजेपी की तिरंगा यात्रा, बाइक पर निकले कार्यकर्ता

## मेहंदवास थाना क्षेत्र के हमीरपुर खेड़ा से सांखना तक निकाली, लगे देशभक्ति नारे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** भारतीय जनता पार्टी की रविवार से तिरंगा यात्रा निकाली गई। आज दोपहर को मेहंदवास मंडल द्वारा हमीरपुर खेड़ा से सांखना तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने हाथ में तिरंगा झंडा लेकर मोटरसाइकिल पर तिरंगा रैली निकाली। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा- आमजन तिरंगा यात्रा को लेकर उत्साहित है। यह तिरंगा यात्रा हर कार्यकर्ता के लिए गर्व और सेवा का अवसर है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार में आतंकियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। अब आतंकी भारत की ओर देखने से भी डरेंगे।

तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। आज देश का प्रत्येक व्यक्ति नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नन्दलाल छान,जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी, ममता जाट प्रधान,पूर्व मंडल अध्यक्ष किशन गोपाल चौधरी,चरण सिंह चौधरी, मंडल महामंत्री महावीर गुर्जर महेंद्र सिंह कालू गुर्जर सोजी माली अजय चौधरी हेमलाल जी जाट कालू जी खेड़ा हेमराज पुरी ओमप्रकाश बैरवा विनय सिंह , पिंटू बना सहित अन्य उपस्थित रहे।

बीजेपी मीडिया प्रभारी कमलेश यादव ने बताया कि जिले भर में बनाए गए रूट चाट के अनुसार आज से 14 अगस्त एक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए पहले हीं संयोजक और सह संयोजक बना दिए थे। सभी अपनी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। पार्टी नेतृत्व के निर्देश से तिरंगा यात्रा का आगाज आज से कर दिया है। यह यात्रा हर मंडल में निकलेगी।




## कुहू इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर रचा इतिहास

# राजस्थान की टॉप 20 रैंक में कुहू इंटरनेशनल स्कूल के 3 विद्यार्थियों का चयन

## राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा 2024

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/गंगापुर सिटी ( राकेश शर्मा )।** शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिवर्ष नये आयाम स्थापित करने वाले कुहू इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार पुन: इतिहास रचकर कुहू के संकल्पों को साकार किया है । इसी बीच निदेशक डॉ हेमंत शर्मा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा आयोजित राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा ( स्ज्ञस्ध ) 2024 - 25 में एकेडमी के छात्र उमेश गर्ग पुत्र दिनेश चंद गर्ग ने पूरे राज्य में 180 में से 172 अंक प्राप्त कर 6 वी एवं प्रभाकर पुत्र राजेश कुमार , प्रिंस पुत्र मोहर सिंह ने पूरे राज्य में 14 वी रैंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है । इसी प्रकार 80त्न से अधिक एवं 90त्न से कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की लिस्ट में एकेडमी की छात्रा ख़ुशबू गोयल पुत्री नीरज गुप्ता ने पहली एवं राशि अग्रवाल पुत्री योगेश गोयल ने दूसरी रैंक , युवराज मीना पुत्र सुरेश मीना ने 6वी रैंक , कोमल प्रजापत पुत्री प्रीतम राज ने 12 वी रैंक , आशुतोष विश्वकर्मा पुत्र श्री लवकुश विश्वकर्मा ने 15 वी एवं मुदित सिंहल पुत्र मनोज गुप्ता ने 17 वी रैंक हासिल की । इसी बीच प्रधानाचार्य डॉ मिथलेश शर्मा ने इस उपलब्धि पर सभी चयनित छात्र-छात्राओ एवं सभी स्टाफ सदस्यों को शुभकामनाएँ एवं बधाई दी एवं बताया कि इन सभी विद्यार्थियों ने 10 वी बोर्ड परीक्षा 2025 में भी सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देकर सभी का मान बढ़ाया है । इसके अलावा कुहू इंटरनेशनल स्कूल ने नीट और आईआईटी जैसी परीक्षाओं में भी अपना कीर्तिमान स्थापित किया है ।




इसी बीच निदेशक महोदय ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं एकेडमी में मिठाई खिलाई गई एवं आतिशबाजी की गई एवं बताया कि कुहू इंटरनेशनल स्कूल बच्चो के श्रेष्ठ शिक्षा व संस्कार के समर्पित है ।

# विश्व स्तनपान सप्ताह: सवाई माधोपुर में कार्यशाला एवं जागरूकता रैली का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में बंधन कोनगर संस्था एवं ब्लॉक मुख्य चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सवाई माधोपुर ब्लॉक में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली निकालकर की गई, जिसके कुंदेरा ब्रांच की टीम लीडर कविता वर्मा द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बंधन कोनगर संस्था के सहायक प्रबंधक गिरीश तिवारी ने संस्था की गतिविधियों का परिचय देते हुए बताया कि संस्था, कोटक महिंद्रा बैंक के वित्तीय सहयोग से एनहांस परियोजना का क्रियान्वयन कर रही है। इस परियोजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु जागरूकता और सेवाएं प्रदान करना है। इसी क्रम में, अगस्त माह के दौरान संस्था के कार्मिक और स्वास्थ्य कार्यकर्ता धात्री एवं गर्भवती महिलाओं के लिए समूह चर्चा और स्वास्थ्य सभाओं का आयोजन करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने स्वास्थ्य सहायिकाओं एवं कार्मिकों के प्रयासों की सराहना की और स्तनपान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। विशेष अतिथि डीपीएम ताराचंद्र ने स्तनपान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। डॉ. अभिषेक शर्मा ने धात्री महिलाओं एवं बच्चों के पोषण पर प्रकाश डाला, वहीं डॉ.अंकुर पारिख भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन मधुसूदन रॉय एवं सभी एसएस का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में टीम लीडर कविता वर्मा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था की तीनों शाखाओं के कार्मिक एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कुंए में गिरने से युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** निकटवर्ती गांव सूरजपुरा में कुंए में गिर जाने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि विकास (20)पुत्र हनुमान शर्मा रविवार को अपने कुंए पर गया था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड गया जिससे वह कुंए में गिर गया। कुंए में गहरा पानी होने की बजह से वह डूब गया। इस दौरान कुंए पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुंए में डूबे हुए युवक को निकालने में जुट गए और निवाई पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलवाया। टीम के पहुंचने से पहले ही पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुंए से बाहर निकाल लिया एवं एसडीआरएफ की टीम को रास्ते में से ही वापस भेज दिया। पुलिस ने शव को निवाई राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से मना कर दिया और शव को ले गए।





# पूर्व सरपंच प्रेमचन्द बोहरा बने श्री दामोदर गौशाला समिति के अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** श्रीदामोदर गोशाला की साधारण सभा की बैठक रविवार को अध्यक्ष शिवरतन दरगड की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। चुनाव अधिकारी हनुमान प्रसाद पारीक ने बताया दामोदर गौशाला में नवीन कार्यकारिणी के गठन को साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई जिसमें सर्व सम्मति से पूर्व सरपंच प्रेमचंद बोहरा को गौशाला का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान उपाध्यक्ष कमल दरगड, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश विजय व उप मंत्री चन्द्रप्रकाश खण्डेलवाल को चुना गया। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार गौशाला का संरक्षक बृजमोहन खण्डेलवाल, शिवरतन दरगड, कैलाश अग्रवाल, राजेंद्र टोड़वाल व बद्रीनारायण पारीक को बनाया गया। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद चुनाव अधिकारी पारीक ने गौशाला के संस्थापक बह्मलीन स्वामी कृष्णानंद महाराज के चित्र के समक्ष नवीन कार्यकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद सभी उपस्थित सदस्यों ने अध्यक्ष व कार्यकारिणी का माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान नव नियुक्त अध्यक्ष प्रेमचंद बोहरा ने कहा कि गौ सेवा ईश्वरीय सेवा है इसलिए गोरक्षा का संकल्प लेते हुए हमें गौ वंश को बचाना है। अंत में नवीन कार्यकारिणी ने विधि विधान से गौ पूजन किया और गौ माता की आरती उतारी।

इसके बाद गायों को हरा चारा व गुड खिलाया गया। इस दौरान गुमानसिंह, शीतल टोड़वाल, ताराचंद माहुर, दिनेश टोडवाल, रामू अग्रवाल, जगदीश खण्डेलवाल, शशि टोडवाल व महेश दरगड सहित कई सदस्य व पदाधिकारी मौजूद थे।

# भगवान श्रेयांस नाथजी की पूजा अर्चना में उमड़े श्रद्धालु

## निर्वाण महोत्सव धूमधाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में श्री सस्त्रकूट विज्ञातीर्थ मंदिर में जैन धर्म के 11 वे तीर्थंकर श्रेयांशनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक व रक्षा बंधन पर्व धूमधाम से आर्यका ज्ञानश्री माताजी के सानिध्य में मनाया गया। विज्ञातीर्थ के कार्याध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि सर्वप्रथम शांतिनाथ भगवान एवं श्रेयांश नाथ भगवान का पंचामृत से अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। उसके पश्चात भक्तामर मंडल विधान किया गया। जिस पर 48 अर्घ्य समर्पित किए गए एवं श्रेयांशनाथ भगवान का 11 किलो का निर्वाण लाडू निर्वाण कांड बोलकर चढ़ाया गया एवं श्रमण संस्कृति संरक्षण पर्व भी मनाया गया शाम को भक्तामर मंडल पर संगीतमय आरती की गई। इस दौरान जयपुर मानसरोवर से 4 बसों से सैंकड़ों यात्रियों ने सस्त्रकूट विज्ञातीर्थ मंदिर में ज्ञानश्री माताजी के दर्शन किए एवं प्रवचन का लाभ लिया। कार्यक्रम में चातुर्मास अध्यक्ष विष्णु बोहरा, कार्याध्यक्ष सुनील भाणजा, मनोज पाटनी व राजेश झिलाय ने जयपुर के युवा परिषद अध्यक्ष सतीश कासलीवाल सहित समस्त कार्यकारणी का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर विज्ञातीर्थ अध्यक्ष विष्णु बोहरा, नरेंद्र भाणजा, डब्बू संघी व चेतन आरआई सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे। इसी प्रकार श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर व बिचला जैन मंदिर सहित शहर के सभी दिगम्बर जैन मन्दिरो में भगवान श्रेयांस नाथ जी का निर्वाण महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया जिसमें जैन धर्मावलंबियों के युवाओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। अखिल भारतीय जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि जैन धर्म के ग्यारहवें तीर्थंकर भगवान श्रेयांस नाथजी के निर्वाण महोत्सव पर श्रद्धालुओं को सभी जैन मंदिरों में भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। इसके साथ ही भगवान श्रेयांस नाथ जी विधिवत मंत्रोच्चार द्वारा निर्वाण लाडू चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर जिनोदय युवा संघ ने भगवान आदिनाथजी, चंद्र प्रभुजी एवं भगवान पार्श्वनाथ जी सहित चोबिस भगवान की पूजा अर्चना की।



# श्री नाडी वाले बालाजी महाराज पहाडी के विशाल भंडारे में उमड़ा सैलाब

## श्री रामायणजी के अखंण्ड पाठों की कई धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुई पूर्णाहुति



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** गांव पहाड़ी में स्थित श्री नाडी वाले बालाजी महाराज के मंदिर में बाल ब्रह्चारी महंत दिनेशदास नागा बाबा के सानिध्य में श्री नाडी वाले बालाजी मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में श्रावण मास पर बालाजी महाराज के चौला चढाकार एवं फूलों की झांकी सजाकर रामायणजी एवं सुंदरकांड के अखंड पाठों की पूर्णाहुति को लेकर कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महंत दिनेशदास नागा बाबा ने कहा कि रामचरितमानस गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रामचरित वह महान ग्रंथ है जिसका उददेश्य भगवान श्रीराम का चरित्र प्रत्येक मानव की आत्मा में उतारना है। उन्होंने कहा कि धर्म किसी दुकान व किसी बाजार में नहीं मिलता है। धर्म अपनी आत्मा से उत्पन्न होता है यदि आत्मा का वैभव चाहिए तो संसार का वैभव छोडना पडेगा। इस दौरान विद्वावान पण्डितों से सानिध्य में मंत्रोचरण के साथ भगवान श्रीराम व बालाजी महाराज के जयकारों के साथ कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। जिससे आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। श्रद्धालु रंगलाल ने बताया कि रविवार को विधिवत रामायणजी के पाठों की पूर्णाहुति की गई। जिसको लेकर विद्वान पंडितों के सानिध्य में श्रद्धालुओं द्वारा हवनकुण्ड में आहुतियां दी गई एवं महाआरती करके विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान संत नारायणदास, पंडित राजेश शर्मा रतनगढ, दाधीच शर्मा, प्रकाश दास, परमेश्वर दास शर्मा, विजेन्द्र शर्मा, रामप्रसाद जाट एवं ओमगिरी महाराज सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कृषि मंडी में किया पौधारोपण



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** रक्षा बंधन पर्व पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कृषि मंडी व्यापार मंडल के तत्वावधान में कृषि उपज मंडी यार्ड में श्री लक्ष्मी नारायण जी मंदिर परिसर में पोधारोपण किया गया। जिसमें 6 पोंधे कल्प वृक्ष, 4 पोंधे बिल्वपत्र, 4 पोंधे आंवला सहित कई पोंधे लगाएं गए। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया, संरक्षक ताराचंद बोहरा, महामंत्री शिवप्रकाश पारीक, लक्ष्मीनारायण मंदिर अध्यक्ष केदारप्रसाद खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष अमितकुमार धामाणी, रामअवतार घाटी, मुरारीलाल शर्मा, लोकेशकुमार गोयल, नरेंद्रकुमार विजय, ओमप्रकाश अग्रवाल कोलाड़ा, राजकुमार पहाड़ी, राजेन्द्र चौधरी, सुरेन्द्रकुमार पारीक सहित कई व्यापारियों ने पौधारोपण करके उनके संरक्षण की जिम्मेदारियां ली।

# स्वाधीनता दिवस की वर्षगांठ पर जिले में 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान' के अंतर्गत आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वाधीनता दिवस की वर्षगांठ पर जिले में 15 अगस्त तक जिला मुख्यालय, उपखण्ड व पंचायत स्तर पर 'हर घर तिरंगा अभियान' कार्यक्रम का आयोजन कर विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। आयोजित कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नोडल अधिकारी रहेंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि 11 अगस्त तक जिला, उपखण्ड व ग्राम स्तर के सार्वजनिक स्थान, जल संरचनाएं, जल और सेनिटेशन सूचनाएं, नाली सफाई, ग्रे-वाटर प्रबंधन, पाइपलाइन से वाटर लिकेज को बंद करना, सीएससी, आरआरसी व अन्य परिसम्पत्तियों की सुरक्षा, श्रमदान ग्राम के रास्तों व सार्वजनिक स्थानों पर एवं प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन तथा इसके प्रबंधन संबंधी कार्य कराए जाएंगे तथा 11 अगस्त को जिला स्तर पर कम्पनी गार्डन में सफाई कार्य आयोजित कर श्रमदान किया जाएगा। इसी प्रकार 12 अगस्त को जिले के ग्रामों में जल जीवन मिशन की संरचनाओं की सफाई और सौन्दर्यकरण के कार्य, जिला, उपखण्ड व ग्राम स्तर पर कचरा प्रबंधन तकनीक (पृथकीकरण, कम्पोंटिग), शौचालय रख-रखाव, जल संरक्षण, भूमिगत जल संग्रहण, जलस्त्रोत संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोसाहित, व्यक्तिगत शौचालय की क्षेत्रावासियों द्वारा सफाई तथा जल एवं स्वच्छता संबंधी सुविधाओं को देशभक्ति थीम से पेन्ट व सजावट के कार्य कराए जाएंगे।

वहीं जिला मुख्यालय पर कम्पनी बाग में एवं उपखण्ड, पंचायत व ग्राम स्तर पर हर घर तिरंगा कॉन्सर्ट कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में13 अगस्त को अलवर शहर में होप सर्कस से नंगली सर्किल तक प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक तिरंगा यात्रा का आयोजन, मिनी सचिवालय से शहीद स्मारक कम्पनी बाग तक दोपहर 1 बजे कार व बाइक द्वारा हर घर तिरंगा रैली का आयोजन होगा। वहीं जिला स्तर पर होप सर्कस, मिनी सचिवालय, मूसी महारानी की छतरी, नंगली सर्किल, शहीद स्मारक, सागर जलाशय पर तथा उपखण्ड, पंचायत व ग्राम स्तर पर हर तिरंगा रोशनी कार्यक्रम का आयोजन, जिले के समस्त उपखण्ड, पंचायत समिति, नगरीय निकायों व ग्राम स्तर के सार्वजनिक स्थानों व विद्यालयों में प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक तिरंगा ध्वज हाथ में लेकर तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा। वहीं समस्त उपखण्ड, पंचायत समिति व नगरीय निकायों के सार्वजनिक स्थानों पर दोपहर 1 बजे से बाइक, कार व टैक्ट्रर द्वारा हर घर तिरंगा रैली का आयोजन होगा।

13 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले के समस्त कार्यालयों, निजी भवनों, सार्वजनिक स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना एवं तिरंगा कैनवास व समस्त निजी व सरकारी संस्थानों पर डेकोरेशन होगी तथा जिले के समस्त औद्योगिक इकाइयों में हर घर तिरंगा सेल्फी, रैली तथा कैनवास कार्यक्रम, जिले के विद्यालयों व आंगनबाडी केंद्रों पर प्रदर्शनी व डेकोरेशन होगी। इसी प्रकार 14 अगस्त को जिला, उपखण्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत सांय 7 बजे मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें स्वतंत्राता सैनिक व सुरक्षा बलों के सेवानिवृत्त कार्मिक, शहीदों के परिवारों को आमंत्रित किया जाकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा तथा जिला मुख्यालय पर मिनी सचिवालय से प्रताप ऑडिटोरियम तक रंगोली कार्यक्रम व रैली का आयोजन तथा जिले के समस्त विद्यालयों, आंगनबाडी में कार्यकर्ता, सहयोगिनी, सहायिका द्वारा रंगोली कार्यक्रम एवं तिरंगा रैली का आयोजन होगा तथा जिला मुख्यालय पर प्रताप ऑडिटोरियम में डेकोरेशन कार्य, मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। 15 अगस्त को जिले के समस्त संस्थाओं के कार्मिक, स्थानीय स्वयं सहायता समूह, एनजीओ, भामाशाह, दानदाताओं व गणमान्य व्यक्तियों के साथ सूजल गांव शपथ का आयोजन होगा तथा जिले के निजी भवनों व सार्वजनिक स्थानों पर स्वतंत्राता दिवस समारोह में ध्वजारोहण कार्यक्रम एवं तिरंगा शपथ का आयोजन होगा।

## जन्मदिन पर वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** कस्बे के समीपवर्ती गोठ की चौकी स्थित जी.एस. पब्लिक स्कूल में विद्यालय के निदेशक महेंद्र मीना के जन्मदिन के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों ने मिलकर नीम, आम, पीपल, नींबू, अमरूद सहित अनेक फलदार और छायादार पौधे लगाए। इस पहल का उद्देश्य न केवल परिसर को हरियाली से आच्छादित करना था, बल्कि आमजन को पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश देना भी रहा। विद्यालय के निदेशक महेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे धरती का आभूषण हैं और इनकी देखभाल करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों ने पर्यावरण बचाने और उसकी रक्षा करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक महेंद्र मीणा, धनबाई (शारदा), अन्नू, शालिनी, हिमानी, रिताक्षी, अनिता, रत्तीराम, वंशिका, दुर्गा, कमलेश, नितिन, मुकेश शर्मा (पण्डा), बिजेंद्र सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने पौधों की नियमित देखभाल करने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प भी दोहराया।

## अलवर जिले में सावन महीने में नहीं हुई तेज बारिश

### सिलीसेढ़ बांध पर भी नहीं चली चादर, जयसमंद डेम भी खाली, हो सकता है पानी का संकट

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** अलवर जिले में एक बार फिर मानसून सक्रिय तो हुआ है, लेकिन अभी तेज बारिश नहीं होने से बांध खाली पड़े हैं। सिलीसेढ़ बांध पर चादर भी नहीं चली है। वहीं जयसमंद बांध भी खाली है। जब तक बांध नहीं भरते तब तक जिले में अच्छी बारिश नहीं मानी जाती है। पिछले करीब 7 दिनों से बारिश नहीं हुई थी। लेकिन शनिवार व रविवार से घने बादल छाए हैं। कई जगहों पर देर रात हल्की बारिश हुई है। लेकिन जोरदार बारिश का इंतजार है।

**बांधों में पानी की आवक कम**

अलवर शहर में भी सात दिनों से बारिश नहीं है। यही हाल पूरे जिले का है। जिसके कारण बीच में गर्मी का असर तेज हो गया था। लेकिन अब वापस घने बादल छाने और हल्की बारिश होने से आमजन को गर्मी से राहत मिली है। दो दिन से बदले मौसम से फसलों को फायदा हुआ है। इस बार फसल अच्छी है। लेकिन बारिश कम होने से बांधों में पानी की आवक कम है। जिसके कारण पानी का संकट रह सकता है।

## अलवर में नर्सिंगकर्मी को कुचलते हुए निकल गया ट्रक, मौत

### ड्यूटी कर घर लौट रहा था युवक, गुस्साए लोगों ने जमकर की नारेबाजी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** अलवर शहर में 200 फीट रोड पर फ्रेंड्स गार्डन के सामने शनिवार सुबह निजी अस्पताल से ड्यूटी कर घर लौट रहे नर्सिंगकर्मी को ट्रक ने कुचला दिया। इससे उसकी मौत हो गई। ट्रक ऊपर से निकल गया। घटना के बाद मौके पर नर्सिंगकर्मी व आमजन ने रोड पर जाम लगा दिया। जानकारी के अनुसार, बंबोली गांव निवासी 26 वर्षीय योगेश जाट पुत्र भजनलाल जाट अग्रेसन सर्किल के निकट स्थित गीतांजलि अस्पताल में नर्सिंगकर्मी था। सुबह करीब 9 बजे अस्पताल से लौटते समय फ्रेंड्स गार्डन के सामने ट्रक ने कुचल दिया। हादसा दर्दनाक था। ट्रक नर्सिंगकर्मी के ऊपर से निकल गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक के एक बेटा है। घटना के बाद मौके पर रोड पर विरोध प्रदर्शन किया गया। जाम लगाने से वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। पार्षद रिंकू खुदनपुरी ने कहा कि आमजन में प्रशासन के खिलाफ रोष है। आमजन ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। आमजन ने बताया इस रोड पर 8 स्कूल हैं। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को बड़ी परेशानी होती है। आए दिन दुर्घटनाएं होती है। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। अब मृतक के घर में मातम छाया हुआ है।

## बजरंग सेना मंडल की ओर से तिरंगा रैली 14 अगस्त को निकलेगी

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** बजरंग सेना मंडल की ओर से 14 अगस्त को विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। बजरंग सेना मंडल के जिलाध्यक्ष विष्णु शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस तिरंगा रैली का शुभारंभ सैनी धर्मशाला से किया जाएगा। रैली सैनी धर्मशाला से प्रारंभ होकर तहसील परिसर, गोल सर्किल, चौपड़ बाजार होते हुए गणेश पोल पर पहुंचेगी। इस रैली में बजरंग सेना मंडल के पदाधिकारियों के साथ-साथ राजगढ़ शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन भी शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जागृत करना और स्वतंत्रता दिवस के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है।

## 11 अगस्त को जिला स्तर पर मिनी सचिवालय सभागार में आयोजित होगा फसल बीमा क्लेम वितरण समारोह कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल बीमा क्लेम वितरण समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम 11 अगस्त को दोपहर 12 बजे मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित होगा। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री पूरन चंद मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में 11 अगस्त को झुंझुनू में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल बीमा क्लेम वितरण समारोह आयोजित होगा जिसका वर्चुअली प्रसारण किया जावेगा। उन्होंने सहायक कृषि विस्तार अलवर व राजगढ को निर्देशित किया है कि फील्ड कार्मिकों को पाबंद कर ग्राम पंचायत स्तर पर 50 कृषकों एवं ब्लॉक स्तर पर 50 योजना के लाभांवित कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित कार्यक्रम में सुनिश्चित करावे तथा जिला स्तरीय कार्यक्रम में फसल बीमा कंपनी द्वारा योजना के 40 लाभांवित कृषक व सहायक कृषि अधिकारी उमरैण द्वारा 10 कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित करावे।

# साहित्य मनुष्य को आत्मबद्धता से मुक्त करता है - डॉ. जीवन सिंह मानवी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ।** सच्चा साहित्य व्यक्ति को आत्मबद्धता से मुक्त करता है, और सृजन तभी संभव है जब मन मुक्त हो। आज कविता के केंद्र में मनुष्य है और एक सच्चा कवि सत्य का अन्वेषण करता है। यह विचार वरिष्ठ समीक्षक डॉ. जीवन सिंह मानवी ने सृजक संस्था की मासिक कवि गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने इस अवसर पर गाँव का गीत भी प्रस्तुत किया।

गोष्ठी का आयोजन रेलवे स्टेशन के सामने संजय कॉलोनी स्थित एम.एन.सी.आई. सभागार में वरिष्ठ कवि रघुवर दयाल जैन की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि डॉ. देवेंद्र शर्मा और कवि जगदीश भारद्वाज ने श्रमिकों की पीड़ा को अपने गीतों में स्वर दिया। वरिष्ठ गीतकार गिरवर सिंह बाँकावत ने देश के वीर बलिदानियों को याद किया, जबकि उर्दू शायर सरदार अमरीक सिंह अदब ने अपनी ग़ज़लों से माहौल को रंगीन बना दिया। वरिष्ठ साहित्यकार गोकुल राम शर्मा दिवाकर ने 'दीपक-गीत' सुनाकर श्रोताओं में आशा का संचार किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। दिवाकर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अध्यक्ष रघुवर दयाल जैन के मेवाती गीत 'ढूमलो' पर सभागार तालियों से गूंज उठा। कवि प्रेम प्रकाश शर्मा, रामचरण राग और सीमा कालरा ने रक्षाबंधन पर रचनाएँ सुनाईं जिन्हें खूब सराहा गया। रघुनंदन अवस्थी ने तिरंगा गीत, युवा कवि महेश वेदामृत ने 'अभी देश स्वतंत्र कहाँ है', और कवयित्री सुजाता नेगी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित देशभक्ति कविता प्रस्तुत की, जिसने श्रोताओं में जोश भर दिया।

गीतकार रवीन्द्र मिश्र ने गणेश वंदना सुनाई, मुंबई से आए वरिष्ठ कवि राजेन्द्र शर्मा की कविताओं को विशेष प्रशंसा मिली। ओजस्वी कवि सदा राम सदा और डॉ. वेद प्रकाश यादव की 'झोंपड़े' जैसी समसामयिक रचनाओं ने वातावरण को गंभीरता दी। शिक्षाविद रेणु मिश्रा ने अपने मधुर स्वर में 'मन रे तू काहे न धीर धरे' गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सृजक संस्था के सचिव रामचरण राग ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक भरत सिंह अहरोदिया, उपाध्यक्ष खेमेन्द्र सिंह चंद्रावत, कोषाध्यक्ष हेमराज सैनी, वरिष्ठ समाजसेवी बी.डी. गुप्ता, भवानी शंकर शर्मा, जितेन्द्र पोपली, राधेश्याम शर्मा, प्रदीप सैनी, राज नारायण सैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन रामचरण राग ने किया।

## अलवर में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत पर्यटन स्थलों पर देशभक्ति की गूंज



बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के द्वितीय चरण में जिलेवासी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। लोग सक्रिय सहभागिता निभाते हुए देशप्रेम का संदेश दे रहे हैं।

पर्यटन विभाग की उपनिदेशक डॉ. टीना यादव ने बताया कि रविवार को जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों—सिलीसेढ़, भानगढ़ और सरिस्का गेट—पर पर्यटकों ने तिरंगे के साथ सेल्फी ली और तिरंगे के सम्मान में आयोजित गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

पर्यटकों ने कहा कि अलवर जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित ये कार्यक्रम सराहनीय हैं। इससे न केवल राष्ट्रभक्ति की भावना को बल मिलता है, बल्कि हमारे देश के गौरवशाली इतिहास और वैभव की झलक भी देखने को मिलती है। उन्होंने इसे अपने लिए गौरव का अवसर बताया।

# पाटन में विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव व ढांचा दंगल का हुआ आयोजन

## सामाजिक जागृति व उत्थान तथा वर्तमान हालात एवं चुनौतियों पर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़( अलवर )।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाटन मुख्यालय पर स्थित एकलव्य मॉडल स्कूल के पास आदिवासी मंच पर रविवार को बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर व माला पहनाकर विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव मनाया गया। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने विचार व्यक्त करते हुए आदिवासी समाज के वीर योद्धा एवं स्वतंत्रता संग्राम के अमर सपूत बिरसा मुंडा के संघर्ष और योगदान को याद किया। वक्ताओं ने बताया कि बिरसा मुंडा ने 25 वर्ष की उम्र में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आवाज बुलंद की और जल जंगल-जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए जन आंदोलन किया। उन्होंने आदिवासी समाज में आम जन को एक जुट कर स्वतंत्रता की अलख जगाई। उनका संघर्ष केवल अपनी समुदाय विशेष के लिए नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए था अपने छोटे से जीवन काल में ही स्वतंत्रता संग्राम में एक छाप छोड़ी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगेलाल मीणा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच सरोज मीणा व आदिवासी सेवा संस्थान के अध्यक्ष रामकिशन मीणा द्वारा की गई। समारोह में स्थानीय आदिवासी कला एवं संस्कृति का प्रदर्शन किया तथा सामाजिक जागृति व उत्थान के साथ-साथ वर्तमान हालात एवं चुनौतियों पर वक्ताओं द्वारा विचार प्रकट किए गए। वहीं गायक कलाकार कैलाश भाबला,राजेश ईशवाना,हरि सिंह धौलान ने अपनी बारी-बारी से रंगारंग प्रस्तुति दी जिसे सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमो से हमारी भारतीय संस्कृति जिन्दा रह पाएंगी। अपितु भारत नहीं पुरा विश्व में आदिवासी दिवस मनाया जाता है। वहीं आए हुए अतिथियों का मान सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर गंगा सहाय मीणा,अमरचंद फौजी,भजेडा सरपंच सीमा मीना,पलवा सरपंच फिता कालूराम,ढिगावढा सरपंच कमलेश,फिरोजपुर सरपंच रामकिशन मीणा,सालोली सरपंच रामसिंह मीना,सामाजिक कार्यकर्ता छोटेलाल आदुका,लल्लू खुर्द,सीमा डाबला,एल एन वर्मा,गणधारी थानेदार,सुखराम मीणा जेटीए बीएसएनएल व मंच संचालन मुकेश मास्टर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान हजारों की तादाद ग्रामीण मौजूद रहे।

## कर्मफल

दोस्तों कहते हैं ना कर्मफल लौट कर जरूर आता है वो भी चक्रवद्धि ब्याज सहित। एक छोटी सी सच्ची कहानी से इस रूपक का रूपांतरण को समझिए और देखिए उस प्रभु की अद्भुत लीला को कि वो ऐसी व्यवस्था रच ड़ालता है.जहां इंसान कल तक दूसरे को खड़ा देखता है वहीं वो खुद खड़ा हो जाता है। दीनदयाल काफी बुर्जुग हो गए थे,दोनों बेटों की शादी हो गई। दोनों अपने-अपने परिवार को लेकर अलग हो गए। एक बेटी की शादी हो गई लेकिन अभी एक कुंवारी बैठी थी, शादी की उम्र हर दिन तिल-तिल कर निकली जा रही थी। एक पिता होने के नाते दो चिंता रात को दीनदयाल की नींद को उढाए हुए रहती थी, एक तो कोई शादी योज्य वर नहीं मिल रहा ,दूसरा यदि मिल गया तो शादी के लिए रूपयों का इंतजाम कहां से होगा?

52 किलों के 67 वर्ष की उम्र के दीनदयाल धीरे-धीरे हड्डियों की माला बनते जा रहे थे। बेटी रोज अपने पिता की इस दयनीय दशा पर ईश्वर से प्रार्थना करती कि जैसा भी वर मिले मैं रह लूंगी मेरा विवाह करवा दीजिए ईश्वर मैं अपने ससुराल महरी बनकर रह लूंगी लेकिन मेरे पिता की चिंता दूर कीजिए। आखिर पुत्री की पुकार ईश्वर ने सुन ली।



बेटी का विवाह एक सम्पन्न परिवार में तय हो गया। छोटा पुत्र तो शुरू से ही घर परिवार से अगल थलग सा था सो उससे उम्मीद ना के बराबर थी ऐसे में दीनदयाल ने अपने बड़े पुत्र राजेश से सहायता मांगी कि बहन की शादी तय हो गई बेटा अब मदद करना मेरे पास तो इतने रूपये भी नहीं कि बारात का भोजन करवा सकूं। ऐसे में बडे बेटे ने कहा पिताजी मेरे पास कहां से आए रूपये जबकि अचरज इस बात का था कि बेटा राजेश सरकारी सेवा में अच्छी पोस्ट पर था। ऐसे में विधाता कभी अपना काम बिगाड़ता नहीं, ईधर उधर से व्यवस्थाएं हुई और शादी सम्पन्न हो गई। ईधर समाज के भय से राजेश ने भी थोडी बहुत मदद की लेकिन तब तक पिता के रूप में दीनदयाल का वजन पाँच किलो ओर कम हो गया था। आज राजेश की बेटी कंचन की शादी तय हो गई है। यहां भी दो बेटे हैं,एक छोटा जिसकी छोटी सी दुकान है एक बड़ा जो सरकारी सेवा में अच्छे पद पर है। अब बारी राजेश की है उसी स्थान पर खड़े होने की जहां कल तक उसके पिता दीनदयाल जी खड़े हुए थे। राजेश ने अपने बड़े बेटे विनोद से कहा कि बहन की शादी तय हो गई है बेटा, अब कुछ मदद करना। मंहगाई का जमाना है, महंगें रिर्सोट और भोजन-कपड़ो का प्रबंध तो मैनें किया हुआ है लेकिन कोई वाहन का इंतजाम तुम्हे ही करना है अपनी बहन को देने के लिए। यहां राजेश को भी वही जवाब मिला दोस्तों, कि पापा मेरे पास कहां से आए पैसे मैं तो दस बीस हजार की मदद कर दूंगा।

आज राजेश के पांव के नीचे से जमीन खिसक गई। जिस बेटे के दम्भ पर वो समाज का प्रतिनिधित्व किया करता था आज वहीं बेटा बदल गया। ये कर्मफल है राजेश ने कोई गेहूं थोडी बोए जो अनाज पैदा होता,राजेश आज उसी फसल को काटने बैठा है,जो उसने बोया। आज बेबस सा है,हताश सा है,अनबन सा है जैसेकि बीते हुए समय में उसके पिता दीनदयाल थे। ये कर्मफल है मित्रों जैसा बोओगे वैसा ही काटना ही होगा। जैसा परोसोगे एक दिन वैसा ही खाना ही पड़ेगा। मेरी बात किसी के मन को आहत करने की नहीं थी लेकिन एक सच्ची कहानी के माध्यम से इस दंश भरे समाज की हकीकत सामने लाना मेरा फर्ज है।..



**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी,बढ़ता राजस्थान**
**अलवर संस्करण**

# मुकंदरा टनल का हीरालाल नागर ने किया निरीक्षण

## विकास के पथ पर आपणो राजस्थान- हीरा लाल नागर



बढ़ता राजस्थान

**दरा,ढाबादेह ( मंगल सिंह )।** भारत माला परियोजना के तहत बन रहे दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर दरा के निकट निर्माणाधीन मुकुंदरा टनल का निरीक्षण करने पहुँचे हीरा लाल नागर ने अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेकर उचित दिशा निर्देश दिए।

नागर ने कहा कि यह टनल हमारे क्षेत्र के लिए नई रफ्तार, नई संभावनाएँ और नए रोजगार का द्वार है। इससे दिल्ली और मुंबई के बीच की दूरी और समय दोनों घटेंगे, साथ ही उद्योग, पर्यटन और व्यापार से सीधा लाभ प्राप्त होगा।

### जनता की सुरक्षा में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

इस दौरान कोटा-झालावाड़ मार्ग पर अमझार नदी की पुलिया में आई दरार का भी गहनता से निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश भी दिये। नागर ने कहा की जनता की सुरक्षा में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मरम्मत कार्य को तुरंत प्रारंभ करने और तय समय में पूरा करने के के लिये जरूरी निर्देश भी दिये। दिए।

# एक माह से गायब हुई बेटी लौटी लाश बनकर

## पुलिस की लापरवाही पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, ग्रामीणों ने लगाया साढ़े तीन घंटे तक जाम

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी कोटा ( प्रमोद राठौर )।** ग्राम पंचायत गोयंदा की 19 वर्षीय युवती कविता कंवर, जो एक माह पूर्व लापता हो गई थी, जिसका शव रविवार सुबह बुरनखेड़ी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। शव मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण उग्र हो गए और आरोपी की गिरफ्तारी, बलात्कार-हत्या का मामला दर्ज करने, लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई तथा मुआवजे की मांग को लेकर खैराबाद पुलिस चौकी के सामने साढ़े तीन घंटे तक धरने पर बैठे रहे।

### मां बोली गुमशुदगी के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

कविता कंवर की मां तंवर बाई ने बताया कि एक माह पहले रामगंजमंडी थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। मां का कहना है कि स्न्ह्रक्रदर्ज होने के अगले ही दिन उन्हें पता चला कि बुरनखेड़ी निवासी हीरालाल धाकड़ उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस को जानकारी दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मां का आरोप है कि वह कई बार थाने जाकर बेटी को खोजने की गुहार लगाती रहीं, मगर पुलिस ने उनकी नहीं सुनी।

### भीलवाड़ा में रह रही थी, इलाज के दौरान मौत

पुलिस जांच में सामने आया कि युवती आरोपी हीरालाल धाकड़ के साथ प्रेम प्रसंग के चलते भीलवाड़ा में रह रही थी। शनिवार रात उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद आरोपी शव को लेकर बुरनखेड़ी गांव आया और अपने घर के बाहर रखकर युवती के परिजनों को फोन कर मौत की सूचना दी, फिर फरार हो गया।

### ग्रामीणों में आक्रोश, रोड जाम

सुबह करीब 6 बजे गोयंदा गांव के ग्रामीण और राजपूत करणी सेना के सदस्य बुरनखेड़ी पहुंचे, जहां बुरनखेड़ी निवासी आरोपी हीरालाल धाकड़ के घर पर शव मिला। मृतका के हाथ में इलाज के दौरान लगाया गया कैनूला (इंट्रावेनस कैनुला) भी मौजूद था। इसके बाद ग्रामीण शव को ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर 11 बजे खैराबाद पुलिस चौकी के सामने पहुंचकर जाम लगा दिया।

### चार थानों की पुलिस और अधिकारियों ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना पर रामगंजमंडी, सुकेत, मोड़क और चेचट थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। नायब तहसीलदार विशाल वर्मा, डीएसपी घनश्याम मीना और सीआई मनोज सीकरवार ने ग्रामीणों से समझाइश की, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। उनकी मांग थी कि आरोपी पर बलात्कार और हत्या का मामला दर्ज किया जाए, और जांच अधिकारी पर कार्रवाई हो और मृतका के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए।




### सहमति के बाद समाप्त हुआ धरना

लगभग साढ़े तीन घंटे चले धरने के बाद प्रशासन और ग्रामीणों में समझौता हुआ कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार किया जाएगा, उस पर बलात्कार और हत्या का मामला दर्ज होगा, परिवार को आर्थिक सहायता दी जाएगी और जांच अधिकारी पर सात दिन के भीतर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद ग्रामीणों ने शव को रामगंजमंडी जिला अस्पताल ले गए, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### पुलिस का बयान

**सीआई मनोज सीकरवार ने बताया कि युवती की मौत इलाज के दौरान हुई प्रतीत होती है, लेकिन पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।**

# 188वा नेत्रदान सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**छोटीसादड़ी।** महावीर इंटरनेशनल छोटीसादडी केंद्र व रोटरी क्लब नीमच के सहयोग से बड़ीसादड़ी पहुंच कर अशोक कुमार, अनिल कुमार दलाल के पिताजी स्वर्गीय देवीलाल दलाल का नेत्रदान करवाया गया। महावीर इंटरनेशनल सस्था के सचिव लोकेश जायसवाल ने बताया की नेत्रदान गोमा बाई नेत्रालय के अमर सिंह भाटी, राजेश राठौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर छोटीसादडी केंद्र के जोन डायरेक्टर कांतिलाल दक ने बताया की केंद्र का 188वा नेत्रदान हैं साथ ही रोटरी क्लब नीमच के सुरेश मोड़ी, महेश गुप्ता व महावीर इंटरनेशनल छोटीसदडी के जोन डायरेक्टर कांति लाल दक उपस्थित रहे।

# अभिभाषक संघ अध्यक्ष प्रदीप वैष्णव राजकीय अधिवक्ता नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**छोटी सादड़ी।** अभिभाषक संघ के अध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समर्पित स्वयंसेवक एवं विद्या निकेतन प्रबंध समिति के सचिव प्रदीप वैष्णव को राज्य सरकार ने अपर जिला एवं सेशन न्यायालय, छोटी सादड़ी का राजकीय अधिवक्ता नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर नगरवासियों, अभिभाषक साथियों और विभिन्न संगठनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचन्द कृपलानी का विशेष आभार व्यक्त किया गया। सभी ने विश्वास जताया कि वैष्णव की नियुक्ति से न्याय क्षेत्र में नई ऊर्जा, नई दिशा और जनविश्वास की ज्योति प्रज्वलित होगी।

# शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष एनपीसिंह की शिटाचार भेंट

बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** भारतीयता, सांस्कृतिक मूल्यों और आदर्श जीवन सिद्धांतों पर आधारित एक सशक्त शिक्षा प्रणाली स्थापित करने के उद्देश्य से गठित भारतीय शिक्षा बोर्ड , पतंजलि, हरिद्वार देश में शिक्षा के एक नए युग की शुरुआत कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में उन्नत कार्य और बोर्ड की गतिविधियों से अवगत कराने के उद्देश्य से भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. एन.पी. सिंह (आईएएस, सेवानिवृत्त) ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से मुलाकात की।

डॉ. सिंह ने बोर्ड की कार्यप्रणाली, शिक्षकों के प्रशिक्षण की प्रक्रिया तथा शिक्षा के उन्नयन हेतु चल रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा मंत्री को हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में बने बोर्ड के मुख्यालय आने का आमंत्रण भी दिया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बोर्ड की पहल और कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

# श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था के पदाधिकारियो ने की लोकसभा अध्यक्ष से भेंट

## समाज के लिए सहयोग का बिरला ने दिया आश्वासन।



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** राधा विलास पाटन पोल स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर की श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था के के पदाधिकारी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर समाज के लिए सामाजिक आरती के रूप से सक्षम बनाने हेतु गंभीर विषयों को लेकर भेंट की तथा समाज के लिए छात्रावास जैसे मूलभूत आवश्यकता के विषय पर भी अपनी बात रखी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समाज के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा इसके लिए आवश्यक निर्देश प्रशासनिक स्तर पर भी दिए।

प्रतिनिधि मंडल मे ब्रजमोहन गौड़ (पूर्व पार्षद), बीजेपी कार्यकता त्रिलोक गौड़ संस्था अध्यक्ष महेंद्र गौड़, उपाध्यक्ष नरेंद्र गौड़, किशन गौड़, धनराज गौड़, परसराम गौड़, राजवीर गौड़, श्शंकर गौड़ व आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।

# वृद्ध महिला के सिर में लठ मारकर हत्या करने के मामले में आरोपी को 11 घंटे में किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**छोटी सादड़ी।** पुलिस गठित टीम द्वारा वृद्ध महिला की हत्या के मामले में आरोपी कारूलाल मीणा को 11 घण्टे में डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया। सीआई प्रवीण टांक ने बताया कि

09 अगस्त 2025 को प्रार्थी अर्जुन पिता प्रहलाद मीणा निवासी गागरोल

थाना छोटीसादडी ने एक रिपोर्ट दी कि मेरी नानी मॉ लाली बाई पत्नी स्व. रामलाल मीणा निवासी अचलपुरा 09 अगस्त 2025 को समय दिन में करीब 02 बजे पडोसी कारूलाल पिता लालुराम मीणा निवासी अचलपुरा के घर पर गई थी। जहा पर कारूलाल शराब के नशे में होकर अपने परिवार वालो से लडाई झगडा कर रहा था, तो मेरी नानी मां ने समझाने की कोशिश की तो कारूलाल अचानक आवेश में आकर जान से मारने की नियत से



मेरी नानी मां के सिर में लठ से वार किया। जिससे मेरी नानी मां गंभीर घायल हो गई। जिसको हॉस्पीटल छोटीसादडी लेकर आये जहा से मेरी नानी मां को निम्बाहेडा रेफर कर दिया। रिपोर्ट पर थाना छोटीसादडी पर प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। ईलाज के दौरान लाली बाई की मृत्यु होने से मृतका लाली बाई की लाश का मेडिकल बोर्ड द्वारा पीएम करा मृतका की लाश को अंतिम संस्कार हेतु परिजनो को सिपुर्द की गई । पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में एक टीम का गठन किया जाकर टीम द्वारा अलग अलग जगहो पर दबिश दी गई तो पता चला कि आरोपी घटना करने के बाद चंदेरिया चितौडगढ तरफ भाग गया है। जहा पर पुलिस टीम पहुंचने की भनक लगने पर आरोपी वहा से निकलकर अपने ससुराल गादोला पहुंच मकान की छत पर जाकर छिप गया। टीम द्वारा लगातार पीछाकर आरोपी कारूलाल पिता लालुराम मीणा उम्र 26 साल निवासी यादव मोहल्ला अचलपुरा थाना छोटीसादडी को गादोला से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया।

# राजस्थान ओबीसी विकास मंच की कार्यकारिणी बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** रविवार को राजस्थान ओबीसी विकास मंच की कार्यकारिणी बैठक मंच के अध्यक्ष रामकुमार मेहता की अध्यक्षता में तेली राठौर समाज के छात्रावास भवन कोटा प आयोजित की गई । बैठक में मुख्य रूप से मंच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल रेनवाल महामंत्री श्री पुरुषोत्तम अजमेरा कोषाध्यक्ष रामविलास मेहता उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष तेली राठौर समाज बाबूलाल राठौर श्री बृजमोहन सेन पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कोटा डॉक्टर दुर्गा शंकर जी सैनी संगठन मंत्री श्री जगदीश सैनी श्री राष्ट्रीय महामंत्री श्री धाकड महासभा चंद्रप्रकाश जी नगर संगठन मंत्री श्री देवकिशन जी नगर प्रचार मंत्री श्री रामस्वरूप जी जांगिड़ ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण जी साहू एडवोकेट कमल जी राठौड़ पूर्व प्रधान खानपुर श्री सत्येंद्र जी यादव इंजीनियर श्री गोपाल चौरसिया सरपंच श्री राम सिंह चौहान एडवोकेट श्री रमेश कुशवाहा श्री पन्नालाल योगी एडवोकेट श्री हेमंत मालव श्री गौरी शंकर जी पांचाल श्री राम शंकर जी माली श्री देवकरण सुमन श्री मांगीलाल जी नगर श्री योगेश सुमन ओबीसी महासभा श्री बीएल सैनी साहब न्यू एन समाज के अध्यक्ष मंत्री एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए सभी वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने पर अपने विचार व्यक्त किया महामंत्री द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर बैठक की समाप्ति की घोषणा की ।

# कोटा में 201 पौधों का रोपण, पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ सम्पन्न

## गुब्बारों से परहेज़ करें, यह वन्यजीवों के लिए घातक – अनुराग भटनागर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** वाइल्डलाइफ डिवीजन कोटा और कोटा ग्रीन कम्युनिटी के संयुक्त तत्वावधान में यशोदा केसर वाटिका, अभेड़ा जैविक उद्यान परिसर में रविवार को 201 वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. गोपाल सिंह नरूका (अर्थशास्त्री) के परिवार द्वारा उनके माता-पिता की पुण्य स्मृति में किया गया। आयोजक प्रणव राज सिंह खींची ने बताया कि इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के पर्यावरण प्रेमी एकजुट हुए और हरित विकास का संकल्प लिया।

विशिष्ट अतिथि डीसीएफ अनुराग भटनागर ने अपने उद्बोधन में कहा, गुब्बारों का प्रयोग न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि यह वन्यजीवों के जीवन के लिए भी गंभीर खतरा है। एक गुब्बारे से होने वाला प्रदूषण एक वन्यजीव



के नष्ट होने के बराबर है। हमें उत्सवों में ऐसे विकल्प अपनाने चाहिए जो प्रकृति के अनुकूल हों। मुख्य अतिथि भावना शर्मा ने वृक्षारोपण की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि युवाओं को ऐसे पुनीत कार्यों में अपनी भागीदारी बढ़ानी चाहिए, क्योंकि यह भावी पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर है।

अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी श्रीमती लीना भटनागर ने कहा कि वृक्षारोपण एक ऐसा कार्य है जो सभी को अपने जीवन में कम से कम एक बार अवश्य करना चाहिए, क्योंकि यह धरती के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस अवसर पर डॉ. गोपाल सिंह नरूका एवं अन्य अतिथियों ने लघु उद्योग काउंसिल कोटा के अध्यक्ष एल.सी. बाहेती, राष्ट्रपति अवॉर्डी डॉ. आर.सी. साहनी, यज्ञदत्त हाड़ा, बृजेश विजयवर्गीय, गीता दाधीच, कोटा ग्रीन कम्युनिटी के संस्थापक प्रणव राज सिंह खींची, वीर राघवाचार्य, हेमंत छाबड़िया, मनीष त्रिपाठी, मनोज जैन, फलक जैन सहित कई पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया।

मनीष त्रिपाठी ने बताया कि नरूका परिवार की और से सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प एवं पौधों से किया गया। वृक्षारोपण में शहर के अनेक पर्यावरण प्रेमी— जी.के. चौधरी, आर.बी. गिरी, डॉ. एल.एन. शर्मा, गिरीश त्रिपाठी, डॉ. सुधींद्र श्रृंगी, एस.एन. टांक, विजय पालीवाल, रामावतार सुमन, राजेंद्र वर्मा, महेंद्र सिंह, रिंकेश कुमार, सिद्धार्थ सक्सेना, भुवनेश सिंघल, जेड. असलम, पराग वर्मा, ओमप्रकाश वैष्णव, असलम आसफी, वीरेंद्र सिंह शक्तावत, पंकज शर्मा, कृष्णा पाराशर, गुरुचरण सिंह, मनोज माली, निधीश त्रिपाठी, विनीत महोबिया, शिव प्रकाश मालव, ज्योत्स्ना सिंह, अचला त्रिपाठी, शांभवी सिंह, यज्ञा सिंह आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# काम से लौट रहे ठेकेदार की सड़क हादसे में मौत, वाहन ज़ब्त, जांच जारी

## सरदार स्टोन माइंस के पास हुआ हादसा, मोटरसाइकिल और वाहन में टक्कर, पुलिस ने मामला दर्ज किया

बढ़ता राजस्थान



**चेचट ( कोटा )।** ग्राम ढाबादेह निवासी मोहनलाल राठौर की बीती रात सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक के पुत्र अजय राठौर द्वारा दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, मोहनलाल राठौर माइंस से पेमेंट और मजदूरों का भुगतान करने के बाद अपने घर लौट रहे थे। रात करीब 9.30 बजे, सरदार स्टोन माइंस वाले मोड़ पर एक चाय की दुकान के पास उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर एक वाहन से हो गई। हादसे की सूचना पवन नामक युवक ने परिजनों को दी। चेचट पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घायल को मोडक सीएचसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर वाहन के खिलाफ मामला अपराध धारा 281 व 106(1) बीएनएस के तहत दर्ज किया है। शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। चेचट थाना प्रभारी राजेन्द्र मीणा ने बताया कि मामले में वाहन को ज़ब्त कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# रोटरी क्लब ने किया सघन वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** शहर के बायपास रोड स्थित दधिमती माता मंदिर रोड पर रोटरी क्लब की ओर से रविवार को सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य महामंडलेश्वर श्री जगदीश पुरी जी महाराज रहे ।

विशिष्ट अतिथि एजाजुद्दीन अंसारी रहे । कार्यक्रम से पूर्व क्लब अध्यक्ष ऋतुराज दाधीच ,सचिव जगदीश मंत्री ,प्रोजेक्ट डायरेक्टर चंद्रभानु लाठी, सुरेश जागेटिया सहित क्लब सदस्यों और सामाजिक संगठनों ने अतिथियों का दुपट्टा पहनकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य श्री महामंडलेश्वर जगदीश पुरी जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष का हमारे जीवन में विशेष महत्व है । पुराने समय से वृक्षों को पूजनीय माना गया है । उन्होंने कहा कि जो वृक्ष रोटरी क्लब द्वारा सड़क के दोनों और लगाए गए हैं इसी से मार्ग में हरियाली होगी और आने जाने वाले राहगीरों को भी छाया प्राप्त हो सकेगी । महामंडलेश्वर आचार्य श्री के सानिध्य में मंत्री ,जाजू परिवार की ओर से बड़ , पीपल , अर्जुन की छाल के पौधों की वैदिक मंत्र के साथ पूजा अर्चना कर वृक्षारोपण का शुभारंभ किया गया । उन्होंने इन पौधों में देवताओं का वास बताया है इनकी पूजा अर्चना की जाती है । पौधों की रखरखाव के लिए बांस से बने टी गार्ड भी पौधों के साथ लगाए गए सभी ने पौधों की सार संभाल के जिम्मेदारी ली । पंडित विश्वनाथ भारद्वाज ने विधिवत पूजा अर्चना संपन्न कराई ।

### इन संस्थाओं का रहा योगदान

इनर व्हील क्लब, भारत विकास परिषद ,दाधीच समाज ,जैन सोशल ग्रुप ,,माहेश्वरी समाज ,डायमंड क्लब ,इंटक चैप्टर, मॉर्निंग हेल्थ क्लब , सुंदरकांड नवयुवक मंडल , अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन सामाजिक संगठनों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया ।

### यह रहे मौजूद

वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, लक्ष्मी चंद गुप्ता ,हासम भाई ,लोकेश सिंह जादौन, जितेंद्र छाबड़ा, सुरेश दाखेड़ा, राजकुमार दाधीच, भोले शंकर बाहेती , असरार अंसारी, राकेश सुवालका, नारायण झवर ,ध्रुव व्यास, केसी वर्मा, डीटीओ शिवजी लाल ,संतोष कटारा , चेतन गुप्ता ,भगवान बाहेती, भंवर झवर ,राजेंद्र भारद्वाज सुरेंद्र भारद्वाज, दीपक भूतड़ा रमेश सोमानी , शिव बहैड़िया ,राम चरण, घनश्याम नकलक, इनर व्हील क्लब ,अध्यक्ष दीपा



गुप्ता ,रजनी नुवाल, गायत्री गुप्ता, सरोज वर्मा, रेखा शर्मा ,पवित्रा शर्मा, सहित रोटरी क्लब के सदस्य और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## उप कारागृह नैनवां में रक्षाबंधन पर कैदियों ने लिया बुराई छोड़ने का संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर. सैनी)।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र नैनवां द्वारा उप कारागृह में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय सेवा केंद्र की इंचार्ज ब्रह्माकुमारी कौशल्या बहन ने कैदियों को परमात्मा के प्रति लगाव, मन की एकाग्रता और आध्यात्मिक ज्ञान के महत्व पर मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम के दौरान कैदियों को अपनी एक बुराई छोड़ने का संकल्प दिलाया गया। कौशल्या बहन ने कहा कि जैसे भाई राखी के बदले थाली में कुछ नेक भेंट करता है, वैसे ही आज कैदियों को अपनी एक बुराई इस थाली में डालनी है—जिसके कारण वे जेल में आए हैं—और संकल्प लेना है कि भविष्य में ऐसा दोबारा नहीं करेंगे।

इसके बाद सभी कैदियों को परमात्मा का रक्षा सूत्र (राखी) बांधा गया और मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में शंभू सिंह सोलंकी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर संपत सिंह हाड़ा, रामधन धाकड़, श्यामलाल, उप कारापाल पिंटू सिंह गुर्जर, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार और गोविंद गुर्जर मौजूद रहे।

## विश्नोई समाज के रक्तदान शिविर में पहुंचे जिलाध्यक्ष त्रिपाठी, दाताओं का बढ़ाया उत्साह



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने रविवार को नोहरे पुर में विश्नोई समाज द्वारा आयोजित तृतीय विशाल रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में इसमें भाग लेना चाहिए।

त्रिपाठी ने आयोजक विश्नोई समाज सेवा संस्थान पुर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की तथा रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए। शिविर में पहुंचने पर विश्नोई समाज की ओर से त्रिपाठी का साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर त्रिपाठी के साथ पहुंचे सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश सोनी, जिला प्रवक्ता एवं शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश अमरवाल, रोशनलाल महात्मा, युवा समाजसेवी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता अली मंसूरी का भी आयोजक संस्था की ओर से उपरणा पहनाकर सम्मान किया गया।

## निंबाहेड़ा में 13 अगस्त को धाकड़ समाज के आराध्य भगवान बलराम का जन्मोत्सव, निकलेगी भव्य शोभायात्रा



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा।** धाकड़ समाज के आराध्य देव भगवान धरणीधर बलराम का जन्मोत्सव 13 अगस्त को निंबाहेड़ा में भव्य शोभायात्रा के साथ मनाया जाएगा। धाकड़ छात्रावास निंबाहेड़ा के मीडिया प्रभारी सागरमल धाकड़ ने बताया कि यह पहला अवसर है जब यहां भगवान बलराम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से आयोजित होगा।

इस शोभायात्रा में लगभग 100 से अधिक गांवों की प्रभात फेरियां आमंत्रित की गई हैं। बैंड-बाजों, ढोल, ट्रैक्टर और कारों के साथ कनेरा, जावद, नीमच, छोटीसादड़ी, बड़ीसादड़ी, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ और उदयपुर जिले के स्वजातीय बंधु शामिल होंगे।

शोभायात्रा दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर पीपल चौक, रेलवे स्टेशन, रामद्वारा, कैंची चौराया, चंदन चौक, परशुराम सर्किल, मंडी चौराहा और स्वामी विवेकानंद जिला चिकित्सालय के सामने से होते हुए धाकड़ छात्रावास, उदयपुर रोड पर संपन्न होगी। आयोजन समिति ने गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों से इस भव्य आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## भगवान शंकर की भव्य शाही सवारी आज

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला शिव मण्डल के तत्वधान में सोमवार को भगवान शंकर की शाही सवारी भव्य चल समारोह के साथ निकाली जायगी जिसको लेकर मण्डल के कार्यकर्ता तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे। शाही सवारी का मुख्य आकर्षण झाबुआ मध्यप्रदेश का आदिवासी भगोरिया नृत्य ,क्यासरा महादेव का मुखटा व विधुत चलित झाकिया रहेगी।

शाही सवारी को लेकर कस्बे में जगह जगह आकर्षक सजावट की जा रही है।शिव मण्डल अध्यक्ष कान्हा राठौर ने बताया कि भगवान शंकर की शाही सवारी सोमवार को निकाली जावेगी जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, शाही सवारी में आर्कषक विघुत चलित झांकिया, क्यासरा महादेव का मुखटा ,बेंड बाजे, अखाड़े, विभिन्न गांवों से आयी भजन मण्डलिया,

गणमण्डल,भस्म रवैया, आदिवासी नृत्य भगोरिया शरीक रहेगा।साथ ही कलाकारों द्वारा शिव लीलाओं का प्रदर्शन किया जायेगा, शाही सवारी को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की की गई है,यह क्षेत्र का सबसे बड़ा समारोह होने के कारण शाही सवारी के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहते है।

सवारी रात्रि 9 बजे नर्बेश्वर महादेव मंदिर से महा आरती के साथ शुरू होगी जो नगर के मुख्य मार्गो से गुजरेगी। आसपास के गांवों तथा अन्य कस्बों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अग्रवाल धर्मशाला में भंडारे का आयोजन होगा,नगर के विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों द्वारा अलग अलग स्थानों पर अल्पाहार के स्टॉल लगाए जाएंगे।

शाही सवारी से पूर्व कावड यात्रियों को स्वागत होगा,कावड यात्रा कोलवी रोड दुर्गा माता मंदिर से शुरू होगी जो नर्वेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी,जहां विभिन्न नदियों से लाए जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा।

# जीतेन्द्र कंसाना लगातार तीसरी बार बने अध्यक्ष, मनीष पचौरी मंत्री

### राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की बैठक शहर के बालिका विद्यालय में आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के राबाउमावि में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा बाडी की कार्यकारिणी का बार्षिक निर्वाचन कार्यक्रम निर्वाचन अधिकारी विनोद कुमार शर्मा प्रधानाचार्य एवं देवेश प्रसाद शर्मा के पर्यवेक्षण में आयोजित हुआ।

जिसमे सर्वसम्मति से जीतेंद्र सिंह कंसाना को संघ का लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुना गया है साथ में मनीष पचौरी को मंत्री बनाया गया है। अन्य कार्यकारिणी में विनोद कुमार बिंदल कोषाध्यक्ष, रीना शर्मा महिला मंत्री, सभाध्यक्ष अतर सिंह गुर्जर, उप सभाध्यक्ष राजेश कुमार, उपाध्यक्ष पुरुष नवनीत पाराशर, अध्यापक प्रतिनिधि कन्हैया लाल प्रजापति, पंचायत समिति शिक्षक प्रतिनिधि जामवंत मीना, वरिष्ठ अध्यापक प्रतिनिधि हरिभजन लाल प्रजापति, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजवासी परमार, उपाध्यक्ष महिला सुमन कुमारी, जीतेंद्र यादव को बनाया गया है साथ में प्राध्यापक सदस्य पिंकी शर्मा, प्रधानाचार्य प्रतिनिधि दिलीप सिंह चाहर, संस्कृत शिक्षा प्रतिनिधि ललित कुमार सोनी, महिला शिक्षक प्रतिनिधि मालती शर्मा, प्रयोगशाला सहायक प्रतिनिधि आकाश शर्मा, शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि हनुमान प्रसाद परीड़वाल, पुस्तकालय अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश शर्मा, सेवानिवृत शिक्षक प्रतिनिधि हरिओम सिंघल, प्रबोधक प्रतिनिधि राजवीर सिंह, कंप्यूटर शिक्षक प्रतिनिधि लोकेश कुमार शर्मा,पंचायत शिक्षक प्रतिनिधि रामनाथ, प्रदेश महासमिति सदस्य रघुवीर प्रसाद शर्मा, आदि निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेश प्रसाद शर्मा, जिला अध्यक्ष रघुवीर प्रसाद शर्मा एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने वन विहार पदयात्रा में लगाए पौध

### किया भू-जल संरक्षण शाला का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**जजावर (पदम शाह)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने रविवार को जिलाध्यक्ष अखिलेश जैन के नेतृत्व में वन विहार पदयात्रा का आयोजन किया। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने ग्राम दुगारी स्थित भू-जल संरक्षण शाला का निरीक्षण किया और जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा की। 'मां के नाम एक पौधा' अभियान के तहत भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने 11 पौधे लगाए। इसके बाद सामूहिक भोज के साथ पदयात्रा का समापन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा देहात महामंत्री एवं पूर्व प्रधान मुकेश नागर सीसोला, युवा मोर्चा मंडल नैनवां अध्यक्ष मोनू सैनी, युवा नेता जयसिंह हाड़ा, जिला संयोजक मोनू कुशवाह, जिला कार्यकारिणी सदस्य कालूलाल मीणा, नवनीत गुर्जर, कमल प्रजापत, अंकित नागर, अशोक नागर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मनुष्य की सोच बदले तो जीवन बदल सकता है — प्रज्ञान सागर महाराज



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर. सैनी)।** शांति वीर धर्म स्थल धर्म सभा में प्रवचन देते हुए प्रज्ञान सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में हर क्षण समस्याएं आती हैं। जैसे वर्षा ऋतु में बारिश से बचने के लिए हम छाता इस्तेमाल करते हैं, वैसे ही जीवन की समस्याओं से बचने के लिए आत्मा का ध्यान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य अपनी सोच बदल ले तो पूरा जीवन बदल सकता है। हमारी आत्मा पवित्र नहीं है, उस पर बुरे कर्मों की परतें जमी रहती हैं, जिन्हें साफ करने के लिए धर्म रूपी साबुन का प्रयोग करना चाहिए। तभी आत्मा स्वच्छ और निर्मल होगी। जैन मुनि प्रसिद्ध सागर महाराज ने प्रवचन में कहा कि यदि धर्म बाजार की दुकानों पर मिलता तो हर व्यक्ति उसे खरीद लेता, लेकिन धर्म क्रय-विक्रय की वस्तु नहीं है। धर्म तो केवल आचरण और क्रिया से प्राप्त होता है।

# भादवा माह में रामापीर ध्वज स्थापना व अखंड ज्योत के साथ रामदेव जन्मोत्सव का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भादवा माह की शुरुआत पर रविवार को कोली समाज के 101 वर्ष पुराने पौराणिक बाबा रामदेव मंदिर में ध्वज स्थापना और अखंड ज्योत प्रज्वलन के साथ रामदेव जन्मोत्सव का शुभारंभ हुआ। समाजजनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। कोली समाज के पंचों ने सिद्धेश्वर महादेव मंदिर शिखर से रामापीर ध्वज यात्रा निकाली, जिसे पंच चुन्नीलाल फतेहपुरिया के नेतृत्व में बाबा रामदेव मंदिर और देव नारायण मंदिर पहुंचाया गया। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच ग्यारह रंगी रामापीर ध्वज को मंदिर शिखर पर स्थापित किया गया।

मुख्य संरक्षक बालूलाल बछापरिया ने बताया कि रूणिचा से 101 वर्ष पूर्व लाए गए संगमरमर के पगलियों का केसरयुक्त पंचामृत से अभिषेक किया गया। पंडित रूपलाल लोरवाडिया ने महाआरती कर प्रसाद वितरित किया। पूर्व पार्षद रामेश्वर लाल डिडवानिया और खटीक समाज शिव मंडल अध्यक्ष बंसी लाल पटेल ने अखंड ज्योत प्रज्वलित की, जो पूरे भादवा माह में निरंतर जलती रहेगी। कोली समाज ने दोनों अतिथियों का मारवाड़ी पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर बंसी लाल पटेल ने कहा कि भादवा माह में कोली समाज द्वारा निकाला जाने वाला विशाल बाबा देव जुलूस और अखाड़ा प्रदर्शन हिंदुत्व की शान है। कोली-खटीक समाज के बीच का आपसी भाईचारा हिंदुत्व की जड़ों को मजबूत करता है।

भामाशाह मोतीलाल आमेरिया ने मंदिर की संपूर्ण विद्युत सज्जा करवाई। कार्यक्रम में मोतीसिंह मंडिया, बाबूलाल खोरवाल, देवीलाल, राकेश, किशन आमेरिया, मोहनलाल, पन्नालाल, कैलाश खटीक, सीताराम, गोपाल और उस्ताद बुद्धि प्रकाश बछापरिया सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# व्यापार एवं खांड़सारी संघ के चुनाव सम्पन्नः अमित मंगल बने अध्यक्ष

### अन्य पदाधिकारियों का भी किया गया निर्विरोध निर्वाचन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के व्यापार मंडल किराना एवं खंडसारी संघ का वार्षिक चुनाव रविवार को बसेड़ी रोड़ स्थित भूतेश्वर पार्वती नदी किनारे पंचमुखी हनुमान मंदिर पर आयोजित किये गए, जिसमे सभी व्यापारियों की सर्वसम्मति से पूर्व अध्यक्ष एव पार्षद अमित मंगल को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारी का भी निर्विरोध निर्वाचन किया गया। चुनाव अधिकारी हरिश्चंद्र गर्ग ने बताया की शहर के व्यापार मंडल का वार्षिक अधिवेशन पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित हुआ। जिसमें सर्वप्रथम संघ के आय-व्यय के ब्यौरे में बाद संघ से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके बाद नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर प्रस्ताव रखा गया। जिसमें सभी व्यापारियों की आपसी सहमति से पूर्व अध्यक्ष अमित मंगल को फिर से संगठन के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है साथ में अन्य पदाधिकारी का भी निर्विरोध निर्वाचन किया है।

कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मदन मोहन सिंघल, महामंत्री राजेंद्र प्रसाद गर्ग, मंत्री जगन्नाथ बंसल, कोषाध्यक्ष अजय गर्ग, संगठन मंत्री मुकेश बंसल, सूचना मंत्री पंकज,मनोज कुमार, अमित गर्ग और गोपाल दास, संरक्षक अशोक कुमार सिंघल को बनाया गया है। बैठक के दौरान पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार गोयल, योगेश कुमार बंसल, सुनील बंसल, मोहित मंगल, अग्रवाल समाज के युवा अध्यक्ष सचिन बंसल, कमल किशोर मंगल, रामनिवास खेड़ापति, रवी गर्ग, दुर्गा प्रसाद गर्ग एवं व्यापार मंडल के अन्य सदस्य और व्यापारी मौजूद रहे।

## रक्षा बंधन पर उमड़ा उत्साह, बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र



बढ़ता राजस्थान

**जजावर (पदम शाह)।** कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को रक्षा बंधन का पर्व उत्साह और आस्था के साथ मनाया गया। पूरे दिन शुभ मुहूर्त रहने के कारण सुबह से ही बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनका मुंह मीठा करवाया और उनके सुख-समृद्धि की कामना की। पर्व के अवसर पर कई लोगों ने देवी-देवताओं को भी राखी अर्पित कर क्षेत्र की खुशहाली और मंगलकामना की प्रार्थना की। रक्षा बंधन के चलते कस्बे के बाजारों में दिनभर रौनक बनी रही, मिठाई और उपहार की दुकानों पर भीड़ देखने को मिली।

## हरिशेवा धाम रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ यातायात पुलिस की कार्रवाई, टेंट हटवाया



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** शहर के व्यस्त हरिशेवा धाम रोड पर वर्षों से चला आ रहा अतिक्रमण आखिरकार प्रशासन के निशाने पर आ गया। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे यातायात पुलिस ने सुखवाल मिष्ठान के बाहर लगे टेंट को हटवाकर दुकानदार को सख्त चेतावनी दी। दुकानदार ने दुकान से लगभग 15 फीट बाहर सड़क पर टेंट लगाकर दूध की भट्टी जमा रखी थी, जिससे दोपहिया और चौपहिया वाहनों का आवागमन बाधित हो रहा था और आए दिन जाम की स्थिति बन जाती थी। यातायात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवाया और दुकानदार को भविष्य में दोबारा ऐसा न करने की हिदायत दी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह इलाका पहले से ही भीड़भाड़ वाला है और इस तरह के अतिक्रमण से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। पुलिस का कहना है कि शहर में यातायात बाधित करने वाले अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## झुंझुनूं में 11 अगस्त को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत राष्ट्र स्तरीय डीबीटी कार्यक्रम होगा आयोजित

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में होगा आयोजन

### जिले में वार्चुअली माध्यम से किया जाएगा प्रसारण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (राजू शर्मा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में 11 अगस्त (सोमवार) को झुंझुनूं में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त डीबीटी के माध्यम से राष्ट्रव्यापी स्तर पर किसानों के खातों में हस्तांतरित की जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतिकात्मक चेक का भी वितरण किया जाएगा। जिले में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीसी कक्ष में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रसारण किया जाएगा।मुख्यमंत्री शर्मा व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री चौहान के द्वारा राज्य में लगभग 27 लाख फसल बीमा धारक किसानों को लगभग 1200 करोड़ रुपये की राशि का डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के जरिए रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त देश के लाखों किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से पहुंचेगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत राज्य सरकार के कार्यकाल में (जुलाई 2025 तक) कुल 148 लाख पात्र फसल बीमा पॉलिसी धारक किसानों को 3 हजार 912.53 करोड़ रुपये के फसल बीमा क्लेम का भुगतान किया गया है।

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने वन विहार पदयात्रा में लगाए पौधे

### किया भूजल संरक्षण शाला का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर. सैनी)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष अखलेश जैन के नेतृत्व में वन विहार पदयात्रा का आयोजन किया। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने ग्राम दुगारी स्थित भूजल संरक्षण शाला का निरीक्षण किया और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों पर लगे फलों को देखा। 'मां के नाम एक पौधा' अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने 11 पौधे रोपे। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण महामंत्री मुकेश नागर, मंडल अध्यक्ष नैनवां मोनू सैनी, युवा नेता जयसिंह हाड़ा, जिला संयोजक मोनू कुशवाह, जिला कार्यकारिणी सदस्य कालूलाल मीणा, नवनीत गुर्जर, कमल प्रजापत, अंकित नागर, अशोक नागर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्री रामदेवरा यात्रियों के लिए कपासन में राम रसोड़े का शुभारंभ, निःशुल्क भोजन-चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध

बढ़ता राजस्थान



**कपासन।** श्री रामदेवरा दर्शन के लिए आने-जाने वाले भक्तों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर के मुख्य मार्ग स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर के पास रविवार को श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के तत्वावधान में राम रसोड़े का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष बद्रीलाल जाट के मुख्य आतिथ्य और भाजपा नगर कपासन मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया की अध्यक्षता में, विधि-विधान से पूजा-अर्चना और महाआरती के साथ हुआ। पिछले लगभग 20 वर्षों से श्री बाबा रामदेव सेवा समिति कपासन द्वारा श्री रामदेवरा यात्रा के दौरान आने-जाने वाले यात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन, चाय-नाश्ता, आवास और चिकित्सा जैसी सुविधाओं का माकूल प्रबंध किया जाता रहा है। इस बार भी समिति ने यात्रियों के लिए चौबीसों घंटे इन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की है। यहां से श्री रामदेवरा, सांवरियाजी और चारभुजा जाने वाले यात्री लाभान्वित होंगे। समिति के प्रबंधक भागीरथ चंदेल ने बताया कि पंडित मनोज चोटिया द्वारा पूजा-अर्चना और महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने सेवा भावना के इस कार्य में सहयोग देने का संकल्प लिया।

स्वास्थ्य

## मैदे से बनी चीजें ज्यादा खाने से आपके पाचनतंत्र पर पड़ता है बुरा असर, हो सकते हैं ये नुकसान

मैदा यानी रिफाइंड फ्लोर से बनी चीजों का इस्तेमाल हमारी रोजाना की जिंदगी में बढ़ता ही जा रहा है। हम रोजाना बर्गर, पिज्जा, ब्रेड, डोनट आदि कुछ न कुछ चीजों के रूप में मैदा खा ही लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं जितनी स्वादिष्ट यह चीजें खाने में लगती हैं यह हमारे शरीर के लिए उतनी ही हानिकारक होती हैं। यह हमारा वजन तो बढ़ाती ही हैं साथ में हमारे शरीर पर इन चीजों को खाने से बहुत ही बुरा असर पड़ता है। इसलिए यह रिफाइंड फ्लोर यानी मैदा हमारी सेहत के लिए एक जहर के समान है। हमें इसे कम से कम खाना चाहिए। असल में मैदे की प्रोसेसिंग के दौरान उसमें से फाइबर निकाल दिया जाता है, जोकि पाचन क्रिया के लिए बहुत ही आवश्यक होता है। इसके साथ साथ गेहूं से उसके सारे पोषण प्रोसेसिंग के दौरान निकल जाते हैं। इस प्रकार मैदे में मिनरल, विटामिन्स या किसी भी प्रकार का पोषण न होने के कारण उसे हेल्दी नहीं माना जाता है। बहुत से दुकानदार अपने मैदे को बेचने के लिए पैकेट पर लिख देते हैं एनरिच फ्लोर लेकिन वह असल में कुछ नही होता है।



### मैदा से पाचन समस्याएं

मैदे को हमारे पेट की ग्लू कहा जाता है। आज के समय में बहुत सी चीजें मैदे से बनती हैं और यह सारा मैदा हमारी आंतों में चिपकता जाता है। रिफांइड फ्लोर में कोई फाइबर नहीं होता है और यह पाचन क्रिया को भी धीमा बनाता है, मेटाबॉलिज्म को धीमा करता है और वजन बढ़ना, सिर दर्द होना व कब्ज जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

### रिफाइंड फ्लोर से एसिडिटी

जब मैदे की रिफाइनिंग प्रोसेस होती है तो उस दौरान इसके अंदर से सारा पोषण गायब हो जाता है और इसलिए यह एसिडिक बन जाता है। यदि आप एसिड से युक्त डाइट खाते हैं तो आपकी हड्डियों से कैल्शियम खत्म होना शुरू हो जाता है जिस कारण आपकी बोन डेंसिटी कम हो जाती है। यह क्रोनिक बीमारियों का, इन्फ्लेमेशन का व गठिया का मुख्य कारण भी बन सकता है।

### मैदा से पोषण की कमी

मैदे की प्रोसेसिंग के दौरान उसमें से सारा फाइबर, सारे आवश्यक मिनरल व विटामिन्स निकल जाते हैं। इसके साथ साथ ब्लीचिंग क्रिया भी की जाती है जिस कारण मैदे को सफेद रंग मिलता है। हालांकि यह आपकी सेहत के लिए ज्यादा हानिकारक नहीं है लेकिन चूंकि इसमें आर्टिफिशियल इंग्रेडिएंट्स मिलाए जाते हैं वह आपके लिए ज्यादा अच्छे नहीं होते।

### ब्लड शुगर बढ़ने की सम्भावना

मैदे में एलोक्सेन होता है जो आपके शरीर के लिए बढ़िया नहीं होता। यह पैंक्रियाज की बीटा सेल्स को नष्ट करता है और आपके शरीर के लिए टॉक्सिक भी होता है। इसका सेवन रोजाना करने से आप डायबिटीज जैसी बीमारी से भी ग्रस्त हो सकते हैं। स्वयं को पूरी तरह स्वस्थ रखने के लिए आप मैदे को खाना बिल्कुल ही छोड़ दें और इसकी बजाय गेहूं, ज्वार या बाजरे का सेवन करें।

### रिफाइंड फ्लोर से एल-सिस्टीन

यह एक नॉन एसेंशियल अमीनो एसिड होता है जिसे पिज्जा, डोनट आदि बनाते समय प्रयोग किया जाता है। इसे बनाने के लिए इसे मनुष्य के बालों, पेट्रोलियम के उत्पादों या चिकन फैदर से सिनथेसिज किया जाता है जोकि आपकी सेहत के लिए बिल्कुल भी लाभदायक नहीं होते हैं और इनसे आपको बहुत सी हानियां भी हो सकती हैं।

## ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने के लिए रोजाना पिएं यह खास ड्रिंक

खराब दिनचर्या, अनुचित खानपान और तनाव के चलते उच्च रक्तचाप आम समस्या बन गई है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें व्यक्ति की धमनियों में रक्त का दबाव बढ़ने लगता है। इस स्थिति में दिल को अधिक कार्य करना पड़ता है। वहीं, व्यक्ति को थकान, सीने में दर्द, सिर में तेज दर्द और सांस लेने मे तकलीफ आदि की समस्या होती है। अगर आप भी उच्च रक्तचाप के मरीज हैं और उच्च रक्तचाप को कंट्रोल या कम करना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में हींग को शामिल कर सकते हैं।



### हींग क्या है

आयुर्वेद में हींग को दवा की तरह इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, किचन में जायके का स्वाद बढ़ाने के लिए यूज किया जाता है। हींग एक वनस्पति है, जो सौंफ की जाति का एक पौधा है। देश के कई हिस्सों में इसकी खेती की जाती है। इसका स्वाद बेहद तीखा और कसैला होता है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटीवायरल, एंटिफंगल, कैंसर केमोप्रिवेंटिव, एंटीडायबिटिक, एंटीस्पास्मोडिक, हाइपोटेंसिव और मोलस्किसाइडल औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो कई प्रकार की बीमारियों में फायदेमंद साबित होते हैं। खासकर हिस्टीरिया, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और उच्च रक्तचाप में यह दवा समान है।

### उच्च रक्तचाप कम होता है

रिसर्च गेट पर छपी एक शोध में हींग के फायदे को विस्तार से बताया गया है। यह शोध जानवरों पर किया गया है। इस शोध की मानें तो हींग के सेवन से उच्च रक्तचाप कम होता है। साथ ही रक्त भी पतला होता है। इससे शरीर में रक्त प्रवाह सही से होने लगता है। इसके लिए रोजाना हींग के पाउडर को पानी में मिलाकर सेवन करना चाहिए।

### पाचन तंत्र मजबूत होता है

हींग के सेवन से पाचन तंत्र मजबूत होता है। दादी-नानी हमेशा पेट संबंधी विकारों को दूर करने के लिए हींग खाने की सलाह देती हैं। इसके लिए हींग को भूनकर सेवन करना चाहिए। इसके अलावा, अस्थमा में भी हींग किसी वरदान से कम नहीं है।

# मुख्य सचिव ने विकास कार्यो की प्रगति को अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर, केवलादेव नेशनल पार्क लोहागढ़ किले का किया अलोकन

## आरबीएम अस्पताल पहुंचकर सफाई व्यवस्था एवं वार्डो चाहेमें दी जा रही सुविधाओं को परखा

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर,(यतेन्द्र पाण्डेय)। मुख्य सचिव सुधांशु पंत रविवार को भरतपुर जिले के दौरे पर रहे जहां उन्होंने केवलादेव नेशनल पार्क, लोहागढ किला, सीएफसीडी के विकास कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने आकस्मिक रूप से आरबीएम अस्पताल पहुंच कर विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था एवं रोगियों को दी जा रही सुविधाओं को भी परखा।

### केवलादेव अभ्यारण्य का भ्रमण

उन्होंने सुबह केवलादेव नेशनल पार्क का भ्रमण कर विकास कार्यों का जायज लिया तथा गंभीर नदी से आए पानी से झीलों के भर जाने से जैव विविधता के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने अभ्यारण्य में स्थित केवलादेव मंदिर के दर्शन कर देश प्रदेश की खुशहाली की कामना की तथा व्यू पॉइंट से अभ्यारण्य की जैव विविधता को निहारा। उन्होंने घना के गेट पर अधिकारियों से चर्चा कर पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित करने तथा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर कमर चौधरी, आयुक्त बीडीए कनिष्क कटारिया व निदेशक घना मानससिंह ने केवलादेव में सुविधाओं के विस्तार की कार्ययोजना के बारे में बताया।

### आरबीएम अस्पताल की व्यवस्था को परखा-

मुख्य सचिव ने आरबीएम अस्पताल का निरीक्षण किया जहां नव निर्मित ब्लॉक के बारे में जानकारी ली तथा शीघ्र ही उद्घाटन करने का बात कही। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर अस्पताल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा मरीजों के हाल-चाल जाने। उन्होंने हड्डी वार्ड में गुलाल कुंड निवासी रोगी पप्पू के हाल-चाल जानकर चिकित्सकों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। पप्पू के पैर में फैक्चर का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने नदबई निवासी प्रेम कुमार से भी मिलकर हाल-चाल जाने, प्रेम कुमार के घुटने में इंफेक्शन होने के कारण अस्पताल के वार्ड में इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने दुर्घटना में घायल कानपुर निवासी बाबूलाल से भी मिलकर कुशलक्षेम पूंछी तथा अस्पताल प्रशासन द्वारा की जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली।अस्पताल में भर्ती नदबई के ग्राम रौंणीजा निवासी 5 वर्षीय बालिका तन्वी के हाथ में फैक्चर होने पर इलाज के बारे में तन्वी की मां श्रीमती रमा से जानकारी लेकर अस्पताल प्रशासन द्वारा दी जा रहे सुविधाओं के बारे में चर्चा की तथा चिकित्सकों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए।







### सीएफसीडी के कार्य को गति दें-

मुख्य सचिव ने जघीना गेट के पास सीएफसीडी के प्रगतिरत कार्य का जायजा लिया तथा बरसात के दौरान पानी निकासी निरंतर बनाए रखते हुए बरसात के तुरंत बाद कार्य को पूर्ण गति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएफसीडी का निर्माण पूर्ण होने पर शहर में पानी भराव की समस्या का स्थाई समाधान हो इस सोच के साथ कार्य को समयावधि में पूरा करायें। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान पानी भराव की समस्या को देखते हुए वर्तमान में पानी निकासी पर विशेष फोकस करे तथा उसके बाद कार्य को गति दें ताकि आने वाले समय में पानी भराव की समस्या का सिाई समाधान हो सके।

### लोहागढ किले के विकास कार्यों का जायजा लिया-

मुख्य सचिव ने लोहागढ़ किले में चल रहे विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त कनिष्क कटारिया से प्रगति की जानकारी लेकर विस्तृत प्लान के अनुसार बिहारी जी परिक्रमा पथ, किले में स्थित पार्कों, ऐतिहासिक स्मारकों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिहारी जी परिक्रमा मार्ग के लिए बीडीए द्वारा बनाई गई कार्ययोजना के बारे में विस्तृत जानकारी ली तथा समयबद्धता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिहारी जी मंदिर पहुंचकर मंदिर के सौंदर्यकरण कार्य एवं श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली तथा ऐतिहासिक मंदिर पर सभी कार्य धार्मिक मान्यताओं के अनुसार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद, भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त कनिष्क कटारिया, निदेशक घना मानस सिंह, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, बीडीए सचिव नीलिमा तक्षक, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, आयुक्त नगर निगम श्रवण बिश्नोई, सीउमएचओ डॉ. गौरव कपूर, अधीक्षण अभियंता बीडीए योगेश माथुर, जलसंशाधन बनेसिंह, सानिवि रिद्धीचन्द मीना सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस की तुरंत कार्रवाई हत्या का आरोपी चंद घंटे में गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । भुसावर सर्किल के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 स्थित खेड़ली मोड थाना पुलिस ने हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी बलराम यादव ने बताया कि 9 अगस्त को नदबई थाना के नामखेडा निवासी गौरव कुमार ने मामला दर्ज करवाया था। गौरव ने बताया कि उसका चाचा समंदर (36) 8 अगस्त को देर शाम अपनी ससुराल अलीपुर के नगला भावला आया था। वहां हरवीर, मोहनसिंह, वीरबल और कुंवर ने मिलकर उनकी हत्या कर दी। थाना प्रभारी यादव ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया गया।

रेंज आईजी कैलाश विश्नोई और जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद के निर्देश पर एएसपी वैर रामगोपाल और सीओ धर्मेंद्र शर्मा के सुपरवीजन में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने 9 अगस्त की देर शाम मुख्य आरोपी नगला भावला निवासी कुंवर सिंह (26) को गिरफ्तार किया। इस दौरान टीम में थानाधिकारी बलराम यादव के साथ महेश चंद, भूरी सिंह, भूपेंद्र और हेमराज मौजूद रहे।



## राजलक्ष्मी यूनिफार्म पर नये ब्रान्ड में मिलेगी मेडिकल,कारपोरेट जगत,होटल कीयूनिफार्म

उदयपुर।

बापूबाजार स्थित राजलक्ष्मी यूनिफार्म पर अब स्कूली यूनिफार्म के साथ-साथ नये ब्रान्ड के रूप में मेडिकल, होटल एवं कोरपोरेट जगत की युनिफार्म भी उपलब्ध होगी। विजय वाधवानी ने बताया कि नये ब्रान्ड की जानकारी देने वाले ब्रोशर का मेवाड़ राजघराने के श्रीजी हुजूर डॉ. लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ ने विमोचन किया। नये ब्रान्ड में अब किसी को भी अन्यत्र स्थान पर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की यूनिफार्म उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर रजत वाधवानी भी मौजूद थे।

# राशिसं राष्ट्रीय के अध्यक्ष बाल स्वरूप पाण्डेय व मंत्री हेमेंद्र दत्तात्रेय निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा भुसावर के वार्षिक निर्वाचन हरिशंकर शर्मा पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य की अध्यक्षता एवं मनोज चरोरा व्याख्याता निर्वाचन अधिकारी तथा श्याम सुंदर कटारा पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी पर्यवेक्षक के सानिध्य में सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन चेतन विद्या मंदिर भुसावर में संपन्न हुआ! जिसमें बाल स्वरूप पाण्डेय् को अध्यक्ष एवं हेमेंद्र प्रकाश दत्तात्रेय को पुनः मंत्री निर्वाचित किया गया। निर्वाचन अधिकारी मनोज चरोरा ने बताया की कार्यकारिणी में सभा अध्यक्ष देवी चरण शर्मा उपसभा अध्यक्ष रामकुमार ,मदन मोहन वरिष्ठ, उपाध्यक्ष रत्नेश शर्मा,उपाध्यक्ष साहब सिंह, महिला उपाध्यक्ष आरती पाण्डेय् , महिला मंत्री उषा गोयल ,कोषाध्यक्ष विष्णु बंसल, कार्यकारणी सदस्यो में अध्यापक मनोज सहरिया, पंचायत समिति अध्यापक पप्पू राम , प्राध्यापक सदस्य संजय पाण्डेय् , वरिष्ठ अध्यापक सदस्य दीपक पाण्डेय के अलावा जिला महा समिति सदस्य , नरेश अवस्थी,राहुल शर्मा, सुभाष , दिलीप ,नेतराम ,सतीश चंद्र रामेश्वर दयाल मीणा निर्वाचित किए गए निर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन अधिकारी मनोज चरोरा एवं पर्यवेक्षक श्याम सुंदर कटारा ने शपथ दिलाई।

## माताएं बहनें बांधेंगी विस अध्यक्ष को राखी

### रक्षासूत्र के रंग में रंगेगा हंस पैराडाइज अजमेर

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सोमवार को अजमेर में विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी को शहर की माताएं व बहने रक्षासूत्र बांधकर मनाएगी रक्षाबंधन। रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन वरुण सागर रोड स्थित हंस पैराडाइज गार्डन अजमेर पर किया जाएगा। ये कार्यक्रम शाम 4ः45 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आई बहनें पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ विधानसभा अध्यक्ष को रक्षासूत्र बांधेंगी। इस आयोजन से भाई बहन के पवित्र संबंध और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया जाएगा । रक्षाबंधन का पर्व पारिवारिक संबंधों के साथ आपसी प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के भाव को भी अभिव्यक्त करता है। कार्यक्रम में उपस्थित बहनें विधानसभा अध्यक्ष के दीर्घायु, सुख समृद्धि और निरंतर जनसेवा के लिए मंगलकामनाएं करेंगी।

इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठन एवं महिला समूहों की सक्रिय भागीदारी रहेगी । पारंपरिक परिधान में सजी-धजी बहनें पूजा की थाली के साथ उपस्थित होकर, मिठाई खिलाकर और रखी बांधकर इस विशेष क्षण को यादगार बनाएंगी।

हर घर तिरंगा अभियान

## तिरंगा साइकिल रैली आयोजित होगी आज

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वंतत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त तक जिले में विभिन्न देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बताया कि कार्यक्रमों की श्रृंखला में आमजन की भागीदारी हेतु जिला मुख्यालय पर 11 अगस्त सोमवार को सुबह 9.30 बजे तिरंगा साइकिल रैली पुलिस परेड ग्राउण्ड से प्रारम्भ होकर बीडीए सर्किल से मानसिंह सर्किल से बिजलीघर चौराहे से चौबुर्जा होते हुए किला स्थित शहीद स्मारक स्थल तक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि तिरंगा रैली में साईकिल क्लब, एनसीसी, महाविद्यालय एवं विद्यालय स्तर के विद्यार्थी,एनएसएस, जनप्रतिनिधि, विभागों के अधिकारी, विभिन्न सामाजिक और नागरिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं अपने साथ तिरंगा भी लेकर चलेंगे।

## हर घर तिरंगा रैली कल, निबंध प्रतियोगिता आज

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय् )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वंतत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त तक उपखंड स्तर पर विभिन्न देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा ने बताया कि कार्यक्रमों में 11 अगस्त 2025 को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की अगवाई में समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा 12 अगस्त 2025 को साइकिल रैली का श्याम 5ः00 बजे श्री आर्य महिला विद्यापीठ से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भुसावर तक किया जाएगा।



## गुलाबपुरा में बाबा रामदेव जी यात्रियों के लिए भंडारे का शुभारंभ

### डूबत जहाज तेराई, भैरव दैत्य मारा, कृष्ण कला भय भंजन, राम रुणिचे वाला

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** गुलाबपुरा नगर पालिका चेयरमैन सुमित जी काल्या और लव खुश दास जी ने रविवार को टैक्सी यूनियन द्वारा आयोजित वार्षिक भंडारे का शुभारंभ किया।

टैक्सी यूनियन द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा रामदेव जी के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए निःशुल्क चाय-पानी और भोजन की व्यवस्था की गई है। यह सेवा पूरे यात्रा सीजन के दौरान गुलाबपुरा बस स्टैंड क्षेत्र में उपलब्ध रहेगी। शुभारंभ अवसर पर चेयरमैन सुमित जी काल्या ने कहा, बाबा रामदेव जी की सेवा में यात्रियों की सुविधा के लिए किया गया यह प्रयास वास्तव में पुण्य का कार्य है। गुलाबपुरा हमेशा से ही सेवा और सद्भावना की परंपरा को आगे बढ़ाता रहा है। भंडारे में स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रदीप जी रांका, मुकेश जी खींची, अतुल जी जैन, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

दैनिक बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060

# आर्मी चीफ बोले- अगला युद्ध जल्द हो सकता है
## हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी, ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार ने फ्रीहैंड दिया था

बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई ( एजेंसी )।** भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से जल्द ही दोबारा युद्ध होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा- अगला युद्ध जल्द हो सकता है। हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी और इस बार हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनरल द्विवेदी ने कहा-ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने हमें फ्री हैंड दिया था। ऑपरेशन में हम चेस खेल रहे थे। हमें नहीं पता था दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम क्या करने वाले हैं। ऐसे ही पाक को भी हमारी चाल का नहीं पता था।

जनरल द्विवेदी ने कहा कि इसे ग्रे जोन कहा जाता है। इसका मतलब है कि हम पारंपरिक ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। थल सेनाध्यक्ष ने 4 अगस्त को आईआईटी मद्रास में अग्निशोध- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल के उद्घाटन के दौरान यह बात कही थी। इसका वीडियो आज सामने आया।

### 25 अप्रैल को प्लानिंग की, 29 अप्रैल को पीएम से मुलाकात हुई

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा- 25 अप्रैल को हमने उत्तरी कमान का दौरा किया। यहां ऑपरेशन की प्लानिंग की, जिसमें हमने 9 में से 7 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, इसमें कई आतंकी भी मारे गए। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को पीएम मोदी से मुलाकात की। यह महत्वपूर्ण है कि कैसे एक छोटा सा नाम ऑपरेशन सिंदूर पूरे देश को जोड़ता है। यह एक ऐसी बात है जिसने पूरे देश को प्रेरित किया। यही कारण है कि पूरा देश कह रहा था कि आपने इसे क्यों रोक दिया? यह सवाल पूछा जा रहा था और इसका भरपूर जवाब दिया गया है। अग्निशोध- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल डिफेंस टेक्नोलॉजी में बड़ा कदम है। इसका मोटिव सैन्य कर्मियों को एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, साइबर सिक्योरिटी, क्वांटम कंप्यूटिंग, वायरलेस कम्युनिकेशन और अनमैन्ड सिस्टम जैसे एरिया में कुशल बनाना है।

जिससे टेक्नोलॉजी की योग्यता रखने वाली फोर्स बनाई जा सके।



# एक बेडरूम में 50-60 लोग कैसे रह सकते हैं
## सांसद बेनीवाल बोले- राहुल गांधी के आरोप सही, सबूतों के साथ; वोटर लिस्ट में बड़ा घोटाला हुआ

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर ।** जैसलमेर-बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने निर्वाचन आयोग पर लगाए राहुल गांधी के आरोपों का समर्थन किया। बेनीवाल ने कहा- राहुल गांधी ने देश के सामने तथ्यात्मक आंकड़े पेश कर चुनाव आयोग की पोल खोल दी है। निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है, लेकिन सरकार के इशारे पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ है। एक ही व्यक्ति का चेहरा बदलकर, फोटो छोटा करके और अन्य तरीकों से उसका नाम 5 से 7 जगह जोड़ा गया है। एक ही मकान में 50-60 लोगों के नाम हैं, एक बैडरूम में इतने लोग कैसे रह सकते हैं। इस तरह की हेराफेरी 5 से 7 अलग-अलग तरीकों से की गई है, जो लोकतंत्र के साथ सीधा धोखा है। बेनीवाल कल राखी का त्योहार मनाने जैसलमेर आए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में चुनाव आयोग और राहुल गांधी को लेकर सवालों के जवाब दिए।

**बोले- संविधान संकट में आ जाएगा**-कांग्रेस सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने चुनाव आयोग पर लगे आरोपों को लेकर कहा- राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप सही हैं और वे प्रूफ के साथ पेश किए गए हैं। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर लोगों का अब तक भरोसा रहा है, लेकिन अगर इस तरह की घटनाएं होंगी तो यह भरोसा कायम नहीं रहेगा और संविधान संकट में आ जाएगा।

# जयपुर की लैब में पैदा होंगी अच्छी नस्ल की गाय : नर पशुओं की संख्या कंट्रोल की जाएगी, अमेरिका से लाई गईं दो मशीनें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में पहला सेक्स सोर्टेड सीमन बैंक सोमवार से जयपुर जिले के बस्सी में शुरू होगा। इसकी मदद से बेहतर नस्ल के मादा बछड़े मिलने की संभावना बढ़ेगी, जिससे दूध उत्पादन और आय में वृद्धि होगी। साथ ही नर पशुओं की संख्या नियंत्रित की जा सकेगी। यह सुविधा नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) और राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) के सहयोग से शुरू की जा रही है। बस्सी में 1977 से संचालित फ्रोजन सीमन बैंक में ही मॉडर्न लैब स्थापित की गई है, जिसमें एनडीडीबी की ओर से अमेरिका से लाई गई दो मशीनें लगाई गई हैं। मशीनों का आज ट्रायल किया जाएगा और पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत सोमवार को लैब का उद्घाटन करेंगे।

**123 सांडों से कन्वेंशनल सीमन डोज तैयार होते हैं**-कैबिनेट मंत्री पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग जोराराम कुमावत ने बताया- फिलहाल बस्सी में 123 सांडों से कन्वेंशनल सीमन डोज तैयार होते हैं, जबकि प्रदेश का दूसरा सीमन बैंक जोधपुर में है, जहां सालाना करीब 12 लाख कन्वेंशनल डोज तैयार किए जाते हैं। नई तकनीक से न केवल राजस्थान की मांग पूरी होगी, बल्कि अन्य राज्यों को भी डोज उपलब्ध कराई जा सकेगी।

# जयपुर के क्लब पर पुलिस की रेड, अवैध शराब मिली
## हार्डकोर बदमाश भी किया गया गिरफ्तार, हत्या समेत 9 केस दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर की श्याम नगर थाना पुलिस ने इलाके में स्थित टोवो क्लब पर कार्रवाई कर 8 पेटी शराब रिकवर की है। क्लब में अवैध रूप से शराब रखी हुई थी। इसे क्लब में आने वाले लोगों को परोसा जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने रेड कर शराब रिकवर की। अवैध रूप से शराब रखने वाले हार्डकोर अपराधी अनुज गुर्जर को मौके से गिरफ्तार किया। डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया- जयपुर शहर में हो रही अवैध शराब भण्डारण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई के लिए सभी थानाधिकारियों को निर्देश दिए गए है। इस पर कार्रवाई के लिए एडिशनल डीसीपी ललित किशोर शर्मा, एसीपी योगेश चौधरी ,सीआई श्याम नगर दलबीर सिंह की टीम ने टोवो क्लब, गंगा जमुना के सामने, न्यू सांगानेर रोड पर दबिश दी। मौके से अलग-अलग ब्रांड की शराब की बोतलें मिलीं। मौके से आरोपी अनुज गुर्जर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से अवैध शराब भण्डारण के संबंध मे पूछताछ जारी है। अन्य संदिग्ध गजेन्द्र गुर्जर, मनीष गौतम से भी पूछताछ की जाएगी। अवैध शराब भण्डारण करने वाला आरोपी अनुज गुर्जर को मौके से गिरफ्तार किया गया। इसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, लूट जैसी संगीन धाराओं में कुल 9 मामले दर्ज हैं।

# गंभीर बीमारियों के इलाज में मदद करेगी राज्य सरकार : योगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि सरकार गंभीर बीमारियों के इलाज कराने में उनकी पूरी मदद करेगी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाने पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी, उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी।

# चुनाव आयोग वोट चोरी करवाकर बेहूदा मांग कर रहा : गहलोत
## वाजपेयी, आडवाणी और खुद मोदी आयोग पर आरोप लगा चुके; तब शपथ-पत्र दिए क्या?



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी से शपथ पत्र मांगने को बेहूदा मांग करार दिया है। गहलोत ने लिखित बयान जारी कर कहा कि राहुल गांधी ने सारे सबूत जनता के सामने रखकर चुनाव आयोग द्वारा वोटर लिस्ट में की जा रही वोट चोरी को उजागर किया है, उस पर पूरे देश को भरोसा है। चुनाव आयोग की शपथ पत्र देने की मांग एक दम बेहूदा और अपनी इज्जत बचाने का प्रयास लगती है। अशोक गहलोत ने कहा एनडीआई सरकार के दौरान 2018 में मुख्य चुनाव आयुक्त रहे ओपी रावत ने कहा है कि जब वे चुनाव आयुक्त थे तब कोई वरिष्ठ नेता आरोप लगाता तो चुनाव आयोग स्वत: उसकी जांच कर जनता के सामने तथ्य प्रस्तुत करते, जिससे जनता का चुनाव आयोग में विश्वास बना रहे। पहले भी तमाम विपक्षी नेताओं जैसे अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और खुद नरेंद्र मोदी सहित कई तत्कालीन विपक्षी नेताओं ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाए थे। इनमें से कितने नेताओं के चुनाव आयोग में शपथ पत्र जमा हैं? गहलोत ने कहा- जो खुलासा राहुल गांधी ने किया है वो यदि किसी खोजी पत्रकार या मीडिया संस्थान ने किया होता तो क्या चुनाव आयोग उन आरोपों की निष्पक्ष जांच करता या उनसे शपथ पत्र मांगता? नॉर्थ कोरिया, चीन और रूस जैसे देश जहां एक पार्टी का ही शासन है, वहां भी चुनाव आयोग बाकायदा चुनाव करवाता है। उन चुनाव आयोगों और चुनाव की स्थिति कैसी है वह पूरी दुनिया जानती है।

# गहलोत तीन बार मुख्यमंत्री यूं ही बने क्या : राठौड़
## कहा : वो हार जाते हैं तो चुनाव आयोग को कोसते हैं, जीतते हैं तो धन्यवाद देते हैं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर वोट चोरी करने के आरोपों को लेकर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि जहां इनकी पार्टी जीतती है। वहां तो वो धन्यवाद देते हैं। जहां वो चुनाव हार जाते हैं, वहां चुनाव आयोग को कोसते हैं। अशोक गहलोत भी क्यों साथ दे रहे हैं। तीन बार के मुख्यमंत्री यूं ही बन गए क्या वो। कभी बीजेपी कभी कांग्रेस यूं ही हो गई क्या? हम जीतते हैं तो उनको चुनाव आयोग दिखता है।

उन्होंने कहा- अगर कांग्रेस को प्रतिस्पर्धा करनी है तो जनसेवा में करें। हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास क्यों कर रहे हैं? राहुल गांधी अब एसआईआर को लेकर विरोध कर रहे हैं। क्या अब रोहिंग्या या बांग्लादेशी तय करेंगे कि देश में सरकार कौन बनाएगा? राठौड़ ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी इतनी मजबूत हो चुकी है। जनता सब समझती है। आने वाला समय भाजपा का ही है।

**टैरिफ अमेरिकी नागरिकों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण**-बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अमेरिका के टैरिफ बढ़ाने की नीति को लेकर कहा- ट्रंप उभरते हुए देशों को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने जब परमाणु परीक्षण किया था, तब भी दुनिया के आर्थिक प्रतिबंधों की परवाह नहीं की थी।

उसी आत्मविश्वास से आज भी भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ को अमेरिकी नागरिकों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि यदि भारत का निर्यात अमेरिका में कम होता है तो हमारे पास रूस, चीन जैसे वैकल्पिक बाजार मौजूद हैं। लेकिन दवाइयां महंगी होने से अमेरिका के नागरिकों को भुगतना पड़ेगा। हमारा आत्मनिर्भर भारत अब ब्रह्मोस जैसे अत्याधुनिक शस्त्र स्वयं बना रहा है। मेक इन इंडिया के तहत देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम डरने वाले नहीं हैं।



**विपक्ष में भी राष्ट्रभक्ति हो**-मदन राठौड़ ने कहा- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को केवल एक औपचारिकता बनाकर नहीं छोड़ा जाएगा, बल्कि हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से इसे वृहद स्तर पर मनाया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर घर-घर तिरंगा फहराने के लिए तत्पर है। इस दौरान तिरंगा यात्राओं के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान केवल भाजपा का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। उन्होंने विपक्षी दलों से भी आह्वान किया कि वे भी राष्ट्रभक्ति की भावना से प्रेरित होकर इस अभियान में भाग लें। हम चाहते हैं कि पक्ष में भी राष्ट्रभक्ति हो और विपक्ष में भी। देशभक्ति कोई एक पार्टी की जागीर नहीं है, यह हम सबका साझा कर्तव्य है।

# रॉबर्ट वाड्रा पर 58 करोड़ की अवैध कमाई का आरोप
## ईडी का दावा- 2 कंपनियों से ये रकम कमाई; इससे प्रॉपर्टी खरीदी, इन्वेस्टमेंट किया



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी चार्जशीट में दावा किया है कि कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने 58 करोड़ रुपए अवैध रूप से कमाए। उन्होंने इस रकम का इस्तेमाल प्रॉपर्टी खरीदने और इन्वेस्टमेंट में किया। साथ ही अपने ग्रुप की कंपनियों को लोन दिया और उनके कर्ज चुकाने में भी किया। ईडी के हवाले से बताया, वाड्रा को करीब 5 करोड़ रुपए ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड के जरिए मिले। बाकी 53 करोड़ रुपए स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के जरिए आए। एजेंसी के मुताबिक, यह सारा पैसा अपराध से जुड़ी गतिविधियों से कमाया गया था और इसे बाद में अलग-अलग इन्वेस्टमेंट और प्रॉपर्टी खरीदने में लगाया गया।

### कंपनी रिकॉर्ड और गवाहों के बयान से ट्रांजैक्शन ट्रैक किया

अधिकारियों के अनुसार, जांच के दौरान बैंक लेन-देन, कंपनी रिकॉर्ड और गवाहों के बयान के आधार पर यह ट्रांजेक्शन ट्रैक किया गया। जिन कंपनियों के जरिए धन आया, उनका संचालन वाड्रा के नजदीकी सहयोगियों के हाथों में था। इन चैनलों का उपयोग रकम को कानूनी स्वरूप देने के लिए किया गया। ईडी ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी है और अब इस पर सुनवाई होगी। अगर कोर्ट आरोप तय करता है, तो वाड्रा को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत सजा मिल सकती है। फिलहाल वाड्रा ने इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### गुरुग्राम लैंड डील में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दायर

हरियाणा के गुरुग्राम लैंड डील केस में एन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने 17 जुलाई को रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट पेश की थी। यह चार्जशीट लैंड डील से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पेश की गई थी। यह पहली बार था जब किसी जांच एजेंसी ने किसी आपराधिक मामले में वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दायर की।

# मौसम : 13 अगस्त से 9 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट, 38 डिग्री तक पहुंचा तापमान
## राजस्थान के आमेट में तेज बारिश हुई, सीकर में बादल छाए

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान के कुछ शहरों में रविवार को दिन में मौसम बदला। शाम करीब 4 बजे राजसमंद के आमेट में तेज बारिश हुई। वहीं, इससे पहले सीकर, नीमकाथाना, श्रीमाधोपुर और दौसा के बांदीकुई में हल्की बारिश हुई। इससे उमस बढ़ गई। वहीं, कई शहरों में बादल छाए रहे। आमेट में रविवार शाम करीब 4 बजे तेज बारिश हुई। लंबे समय से बरसात का इंतजार कर रहे लोगों को राहत मिली। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहावना हो गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने 10 अगस्त से 12 अगस्त तक राज्य में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। वहीं, 13 अगस्त को 9 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। 13 अगस्त से हल्की से मध्यम बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। जबकि 17-18 अगस्त से राजस्थान में वेदर सिस्टम बनने और उससे कहीं-कहीं तेज या भारी बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है।

### पश्चिमी राजस्थान में दिन और रात में गर्मी बढ़ी

पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, बीकानेर जिलों के कई इलाकों में बारिश का दौर थमने के बाद गर्मी तेज हो गई। शनिवार को सबसे ज्यादा तापमान श्रीगंगानगर में 38.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बीकानेर में अधिकतम तापमान 38, जैसलमेर में 37.1, बाड़मेर में 36.6, फलोदी में 36.4, जोधपुर में 34, हनुमानगढ़ में 36.9, चूरू में 34.6, टोंक में 34.2 और जयपुर में अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

**अब तक 64 फीसदी ज्यादा बरसात**-राजस्थान में मानसून के इस सीजन में अब तक 64 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। राज्य में 1 जून से 8 अगस्त तक 261 .4एमएम औसत बरसात होती है, जबकि इस सीजन में अब तक कुल 429 .2 एमएम बरसात हो चुकी है।

**13 अगस्त से फिर होगी बारिश**-राज्य में 10 से 12 अगस्त तक राज्य में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। 13 अगस्त को पूर्वी राजस्थान में मानसून एक्टिव होगा और पूर्वी राजस्थान के जिलों में बारिश का दौर शुरू होगा। इस दौरान अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, कोटा, बारां और झालावाड़ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# क्रिकेटर आवेश खान पहुंचे अजमेर दरगाह



**अजमेर।** क्रिकेटर आवेश खान रविवार की सुबह अपने परिवार के साथ अजमेर शरीफ दरगाह पहुंचे। दरगाह में उन्होंने सूफी संत हजरत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में हाजिरी दी और अकीदत की चादर पेश की। दरगाह के झालरा लंगर खाना में जायरीनों को अपने हाथों से लंगर भी परोसा। आवेश खान ने दरगाह के खादिम सैय्यद अजगर अली चिश्ती को एक क्रिकेट बैट गिफ्ट किया। इस बारे में उन्होंने बताया- पिछली बार मैं बोल कर गया था और आज फाइनली उनके लिए बैट ले आया हूं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार